नई दिल्ली
बुधवार 3 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 45
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 28

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

1 लाख से अधिक बार अनधिकृत फाइल एक्सेस करने की कोशिश भी

## सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला 2 मिनट में 15 लाख हिट



**अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़े साइबर अटैक की कोशिश हुई है। बोर्ड ने बताया कि 2 मिनट में 15 लाख हिट दर्ज किए गए। हालांकि, यह सब कोशिशें नाकाम रहीं। इसके अलावा 1 लाख से अधिक बार अनधिकृत फाइल एक्सेस करने की कोशिश भी की गई। सीबीएसई ने कहा कि उसकी तकनीकी टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। बोर्ड के अनुसार 16 हजार से ज्यादा छात्रों ने सफलतापूर्वक आवेदन जमा कर दिए हैं। पोर्टल फिलहाल 8 हजार रीयल ▶▶ शेष पेज 5 पर

**छात्रों को सहायता देने में जुटी टीम**

सीबीएसई ने कहा कि उसकी टीमें पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ काम कर रही हैं। बोर्ड ने भरोसा दिलाया कि छात्रों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और पोर्टल को सुरक्षित बनाए रखने के लिए तकनीकी निगरानी लगातार जारी रहेगी।

### ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम विवाद में सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# चेयरमैन राहुल सिंह व सचिव का तबादला ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी 'जांच'


राहुल सिंह


हिमांशु गुप्ता

**टेंडर प्रक्रिया की जांच के लिए विशेष समिति गठित**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सीबीएसई में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। इसके साथ ही विवादों में घिरे ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम की सेवाओं की खरीद और टेंडर प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। विपक्ष और छात्र संगठनों द्वारा लगातार इस मुद्दे पर सरकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सीबीएसई को मिला नया बॉस**

**लोखंडे प्रशांत सीताराम चेयरमैन वरुण भारद्वाज सचिव नियुक्त हुए**



वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम सीबीएसई के नए प्रमुख नियुक्त किया गया है। वहीं, सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज सीबीएसई के नए सचिव होंगे। केंद्र सरकार ने मंगलवार को ही दोनों की नियुक्ति पर मुहर लगा दी है।

**ओएसएम पोर्टल पर सवाल उठाने वाला छात्र पहुंचा संसद**

### समिति के सामने रखीं सिस्टम की खामियां

कक्षा 12वीं के छात्र सार्थक सिद्धांत ने मंगलवार को संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी स्थायी समिति के सामने पेश होकर ओएसएम सिस्टम और उससे जुड़े टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर अपनी प्रस्तुति दी। संसद भवन एनेक्सी में आयोजित बैठक में समिति सीबीएसई की कक्षा 12 बोर्ड परीक्षाओं में लागू ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली और छात्रों द्वारा उठाई गई पारदर्शिता व मूल्यांकन संबंधी चिंताओं की समीक्षा कर रही है। सार्थक ने कहा कि उन्होंने अपने ब्लॉग में कम से कम 15 विसंगतियों का उल्लेख ▶▶ शेष पेज 5 पर


सार्थक सिद्धांत

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

**वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का प्रेमानंद से लिया आशीर्वाद**



**मथुरा।** आईपीएल 2026 का खिताब जीतने के महज 48 घंटे के भीतर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी व अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन पहुंचे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने मंगलवार तड़के करीब 4 बजे राधा केलि कुंज आश्रम के संत प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन किए।

**एयरपोर्ट पर रील-वीडियो बनाने पर लगेगा फ्लाइंग बैन**



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने सख्त गाइडलाइन जारी की है। अब एयरपोर्ट के संवेदनशील और सुरक्षा से जुड़े इलाकों में बिना अनुमति रील, ट्रैवल ब्लॉग या सेल्फी बनाना भारी पड़ेगा। अनधिकृत फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करते पकड़ा गया, तो उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया जाएगा।

### भारत ने स्पष्ट किया: किसी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं

# 'न तीन में, न तेरह में' कश्मीर पर ईयू की दखलंदाजी भारत को बर्दाश्त नहीं: जायसवाल

*पाकिस्तान, ईयू द्वारा जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी किए गए संयुक्त बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की खरी, खरी*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान और यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा जम्मू-कश्मीर को लेकर जारी किए एक संयुक्त बयान को भारत ने मंगलवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा है यह नई दिल्ली का अंदरूनी मामला है। जिसमें किसी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

लद्दाख सहित समूचा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा बना रहेगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 2 जून को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में दी है। जिसमें उनसे पूछा गया था कि ईयू आयोग की उपाध्यक्ष काजा कल्लास ने अपनी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान हुई नौवीं रणनीतिक वार्ता के बाद जारी किए गए साझा बयान में पाकिस्तान के साथ कश्मीर का उल्लेख किया है, इस पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है? जवाब में रणधीर ने कश्मीर को लेकर दुनिया के किसी अन्य पक्ष की टिप्पणी को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन देशों या संस्थाओं का इस मामले से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें कश्मीर पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए।

**पहले चीन को दिखाया था आईना**

*गौरतलब है कि ईयू से पहले बीजिंग में पाकिस्तान और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई उच्च-स्तरीय के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान में भी कश्मीर का जिक्र किया गया था। चीन ने यह भी कहा था कि कश्मीर मामले का समाधान संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों (चार्टर) के तहत शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाना चाहिए। जिसे भारत ने दो टूक अंदाज में खारिज कर दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट अंग है और हमेशा रहेगा। भारत पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बनाए जा रहे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) को भी कभी मान्यता नहीं देगा।*

**ये हैं संयुक्त बयान की मूल बातें**

*पाकिस्तान-ईयू के बीच हुई रणनीतिक वार्ता में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और ईयू आयोग की उपाध्यक्ष काजा कल्लास ने भाग लिया। बैठक के बाद जारी किए गए साझा बयान में कहा गया कि वार्ता में पाकिस्तानी पक्ष ने ईयू पक्ष को जम्मू-कश्मीर के मामले से अवगत कराया। जबकि ईयू आयोग की अध्यक्ष ने पाकिस्तान पक्ष को यूक्रेन युद्ध के बारे में जानकारी दी है। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के तहत बातचीत-कूटनीति के जरिए संघर्षों का समाधान निकाले जाने की वकालत की है। वहीं, काजा कल्लास ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर से भी मुलाकात की है।*

### मामले पर नेपाल के पीएम द्वारा संसद में ब्रिटेन, चीन से किए गए मध्यस्थता के आह्वान पर भारत की दो टूक

# भारत-नेपाल सीमा विवाद का समाधान द्विपक्षीय होगा, तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को नेपाल को बेहद सख्त अंदाज में यह साफ कर दिया है कि दोनों देशों के बीच मौजूद सीमा विवाद का समाधान द्विपक्षीय आधार पर किया जाएगा। जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी। सीमाई मामलों से निपटने के लिए पहले ही संयुक्त रूप से द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए गए हैं। ऐसे में सभी संबंधित पक्षों को यह स्पष्ट होना चाहिए कि भारत और नेपाल के बीच जो भी सीमा से जुड़े हुए द्विपक्षीय मामले हैं। उनका समाधान निकालने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 2 जून को राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में दी है। उनसे पूछा गया था कि नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा संसद में दिए एक बयान के दौरान भारत के साथ सीमा विवाद (कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा जैसे इलाके शामिल) का समाधान निकालने के लिए ब्रिटेन और चीन से किए गए मध्यस्थता के आह्वान के मामले पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है? दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे के भूभाग पर किए गए अवैध कब्जे वाली प्रधानमंत्री शाह टिप्पणी को लेकर मंत्रालय का क्या पक्ष है? जिसके जवाब में रणधीर ने कहा कि मामले पर हमने नेपाली प्रधानमंत्री और उनके विदेश मंत्रालय के बयानों को देखा है। मैं यहां ये स्पष्ट करना चाहता हूं कि किसी भी सूरत में भारत-नेपाल सीमा मामलों का हल निकालने के लिए किसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा विजन-2047 के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अगले 5 साल के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिए विस्तृत दिशा-निर्देश

# हरियाणा में अनाज भंडारण के लिए 20 लाख मीट्रिक टन क्षमता के नए गोदाम बनाए जाएंगे: सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान द्वारा मेहनत से उगाए गए अनाज को खराब होने से बचाने के लिए हरियाणा में अनाज भंडारण की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अंतर्गत हरियाणा में 20 लाख मीट्रिक टन क्षमता के नए गोदाम बनाए जाएंगे जिसके लिए अधिकारी पूरी तैयारी करके लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अगले 5 साल के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे गणेशन ने बताया कि अनाज का खुले में भंडारण अथवा उचित भंडारण के अभाव के कारण प्रदेश में अनाज का 4 से 5 प्रतिशत तक नुकसान हो जाता है। इस नुकसान से बचने के लिए कवर्ड स्टोरेज की व्यवस्था करनी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश में गेहूं का 115 लाख मीट्रिक टन, चावल का 71 लाख एमटी, फल व सब्जियों का 110 लाख एमटी तथा दूध व अन्य डेयरी उत्पादों का 115 लाख एमटी उत्पादन होता है। राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा में हरियाणा का योगदान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### परीक्षण में शामिल सभी भागीदार पक्षों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई

# डीआरडीओ, वायुसेना ने सुखोई से किया रुद्र एम-2 मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना ने मिलकर हवा से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी 'रुद्र एम-2 मिसाइल' का सफल उड़ान परीक्षण किया है। ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किए गए इस परीक्षण में मिसाइल ने अपने निर्धारित किए गए सभी लक्ष्यों पर बेहद सटीकता, विश्वसनीयता के साथ वार करते हुए उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। परीक्षण को वायुसेना के अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई द्वारा किया गया है। जिस पर रेंज में लगाए गए तमाम निगरानी उपकरणों से कड़ी नजर रखी गई। सभी ने परीक्षण के अंत में मिसाइल के सभी मानकों पर खरा उतरने की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मिसाइल की मारक क्षमता 300 किलोमीटर**

*यहां बता दें कि रुद्र एम-2 मिसाइल की कुल अनुमानित मारक क्षमता 300 किलोमीटर है। जिसे खासतौर पर दुश्मन के रडार, संचार नेटवर्क और हवाई रक्षा प्रणाली पर प्रहार करने के लिए डिजाइन किया गया है। आपात सैन्य संघर्षों और युद्धकाल में यह वायुसेना के लिए काफी निर्णायक साबित हो सकती है।*

**इमारत अनुसंधान केंद्र ने किया विकास**

*मिसाइल को डीआरडीओ के हैदराबाद स्थित इमारत अनुसंधान केंद्र ने विकसित किया है। संगठन की रक्षा अनुसंधान-विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, शस्त्र अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और आईटीआर जैसी अन्य सहयोगी प्रयोगशालाओं ने भी इसे तैयार करने में अपना सहयोग प्रदान किया है। विकास व सह-उत्पादन साझेदारों के साथ-साथ इस परीक्षण में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), क्षेत्रीय सैन्य विमानन योग्यता* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वायरस की चुनौती से निपटने के लिए अफ्रीका महाद्वीप को हर संभव प्रदान करेगा भारत

## इबोला के खतरे के बीच भारत ने अफ्रीका को भेजी 45 टन से ज्यादा चिकित्सा सामग्री की खेप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अफ्रीका महाद्वीप के कुछ देशों में फैले इबोला वायरस के प्रकोप के बीच भारत तेजी के साथ चिकित्सा सामग्री की खेप भेजने में लगा हुआ है। इसी क्रम में अब तक उसके द्वारा कुल करीब 45.5 टन चिकित्सा सामग्री भेजी जा चुकी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान के जरिए बताया कि अफ्रीका को नई दिल्ली की तरफ से इबोला वायरस की चुनौती से निपटने के लिए मदद के रूप में पिछले महीने 24 मई को 2.5 टन आवश्यक चिकित्सा सप्लाई (प्रोटेक्टिव गियर, मेडिकल निगरानी उपकरण, जरूरी दवाएं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ट्विशा डेथ केस: सीबीआई अब ट्विशा के परिजनों से भी करेगी पूछताछ

## पूर्व जज गिरिबाला व बेटा समर्थ सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ट्विशा डेथ केस में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोपी पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ सिंह की रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद दोनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह ने स्वयं अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाया कि सीबीआई उन्हें और उनके बेटे समर्थ ▶▶ शेष पेज 5 पर

## देश की 42 उत्कृष्ट पंचायतों को आज भव्य समारोह में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण विकास, सुशासन और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देशभर की 42 पंचायतों को कल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 समारोह में सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

**42 पंचायतों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान :** पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 42 पंचायतों का चयन राष्ट्रीय पंचायत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा मुख्यालय का दौरा किया

## आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने की अगुवाई में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। 'KNOW BJP' पहल के तहत हुई इस मुलाकात के दौरान नितिन नवीन के अलावा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, सांसद संजय जायसवाल, सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, और बीजेपी के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए नवीन ने भारत और ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुरुवार को होगी द्विपक्षीय बैठक, कई अहम निष्कर्ष निकलेंगे

# वेनेजुएला से होगा तेल खरीद का बड़ा समझौता आज से भारत यात्रा पर राष्ट्रपति रोड्रिगेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध की वजह से तेजी से गहराते ऊर्जा संकट के मध्य भारत और वेनेजुएला के बीच जल्द ही कच्चे तेल की खरीद को लेकर कोई बड़ा समझौता किया जा सकता है। जिसके पीछे की बड़ी वजह बुधवार, 3 जून से शुरू हो रही वेनेजुएला की मौजूदा कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की पांच दिवसीय भारत यात्रा है। 4 जून को वेनेजुएला की राष्ट्रपति की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं जैसे ऊर्जा, व्यापार-निवेश, फार्मास्युटिकल्स, हेल्थकेयर, यातायात और नवीकरणीय ऊर्जा के मामले पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आपसी साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नए उपायों की तलाश को लेकर भी दोनों शीर्ष नेता आपस में विचार-विमर्श करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति 3 से 7 जून तक भारत की यात्रा पर रहेंगी। जिसमें उनके साथ कुल 5 कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। जिनमें विदेश मंत्री, आर्थिक-वित्त मंत्री, संचार-सूचना मंत्री, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और यातायात मंत्री मुख्य हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**ऊर्जा साझेदारी को मजबूत बनाना चाहता भारत**

*यहां बता दें कि राष्ट्रपति रोड्रिगेज की नई दिल्ली की यह यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब अमेरिका द्वारा बीते वक्त में किए गए वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के जबरन सैन्य अपहरण के बाद वहां एक प्रकार से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर ऊर्जा निर्यात को लेकर भी कुछ सख्ती की है। लेकिन इन तमाम परिस्थितियों के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत आज से नहीं बल्कि बीते कुछ वर्षों से वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद कर रहा है। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल कंपनियों (डीपीएसयू) ने वेनेजुएला में निवेश भी किया है। ऐसे में राष्ट्रपति रोड्रिगेज की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच ऊर्जा और इस क्षेत्र में निवेश को और अधिक गहराई प्रदान करने में मदद मिलेगी। ऊर्जा निवेश को लेकर वेनेजुएला के लिए भारत एक बड़ा भागीदार देश है। हम भी वेनेजुएला के साथ अपनी ऊर्जा साझेदारी को मजबूत बनाए जाने के पक्ष में हैं।*

**जामनगर जाएंगी रोड्रिगेज?**

*रणधीर ने बताया कि राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अपनी भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली के बाहर भी कुछ जगहों पर जा सकती हैं। हालांकि इसे लेकर उन्होंने किसी राज्य या शहर विशेष का नाम सहित कोई उल्लेख नहीं किया। लेकिन सूत्रों ने कहा कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अपनी भारत यात्रा के दौरान गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस की तेल रिफाइनरी का दौरा कर सकती हैं। इसके अलावा उनके आंध्र-प्रदेश जाने की भी संभावना है। जिसका संबंध दोनों देशों के बीच मौजूद सांस्कृतिक संबंधों से है।*

महापौर कार्यालय पर ताला जड़ा, उपायुक्त को हटाने की मांग

# साकेत भवन हादसे को लेकर 'आप' ने किया महापौर-आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने भाजपा शासित एमसीडी में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते साकेत में गिरी पांच मंजिला इमारत को लेकर मंगलवार को पहले निगम आयुक्त कार्यालय और फिर महापौर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। एमसीडी के सह प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हादसे के लिए जिम्मेदार साउथ जोन के उपायुक्त को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

जब भाजपा महापौर प्रवेश वाही पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात सुनने को तैयार नहीं हुए, तो 'आप' पार्षदों ने उनके कार्यालय के द्वार पर ताला लगाकर 500 रुपए के नोट से सील कर अपना विरोध दर्ज कराया। उधर, एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली में अवैध निर्माण का पूरा नेटवर्क भाजपा के संरक्षण में चल रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद भी साउथ जोन उपायुक्त ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इसी को लेकर निगम आयुक्त से मांग है कि साउथ जोन के उपायुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। भाजपा शासित एमसीडी की भ्रष्ट व्यवस्था ने निर्दोष लोगों की जान ली है। दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक आम आदमी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा की इसी जवाबदेही से भागने वाली राजनीति के विरोध में 'आप' पार्षदों ने महापौर कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

### 'हादसे के जिम्मेदार अधिकारियों को बचाया जा रहा'

एमसीडी के सह प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि छोटे अधिकारियों को निलंबित कर बिल्डिंग हादसे के असली जिम्मेदार अधिकारियों को बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता भाजपा शासित एमसीडी में खुलेआम चल रहे इस तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं, एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ पैसा खाने के लिए एमसीडी के अधिकारियों ने शिकायतों को नजरअंदाज किया और बिल्डिंग गिर गई।

### लाखों रुपए कमाने के बदले कुछ दिन सस्पेंड रहना होगा : सौरभ भारद्वाज

दिल्ली नगर निगम के छोटे अफसरों को भी पता है कि लाखों रुपए कमाने के बदले कुछ दिन सस्पेंड रहना होगा। फिर बहाल हो जाएंगे और दूसरा शिकार तलाशेंगे। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को आप मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर साकेत भवन हादसे को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बातें कहीं। प्रदेश अध्यक्ष भारद्वाज ने कहा कि इस मामले में एलजी और मुख्यमंत्री ने निगम उपायुक्त को सस्पेंड करना चाहिए ताकि पूरे सिस्टम में एक सख्त संदेश जाए। सौरभ भारद्वाज ने साकेत भवन हादसे को लेकर कहा कि भाजपा शासित एमसीडी के संरक्षण में चल रहे लेंटर और भवन माफिया दिल्ली में अवैध इमारतें खड़ी करा रहे हैं।

# एलपीजी सिलेंडर विस्फोट में मकान ढहा, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में मंगलवार सुबह एलपीजी सिलेंडर विस्फोट के कारण एक मंजिला मकान ढह गया। मलबे में दबे 11 लोगों को बाहर निकाला गया जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई गई है। घटना श्मशान स्थल के निकट मुकुंदपुर-2 के इशू विहार की गली नंबर एक में हुई। बताया जा रहा है कि मकान में एक कारखाना चल रहा था जहां बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरी जा रही थी। इसी दौरान विस्फोट हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार विस्फोट और मकान गिरने की सूचना सुबह नौ बजकर 37 मिनट पर मिली थी। सूचना देने वाले व्यक्ति ने फोन पर बताया कि कई निवासियों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। इसके बाद तुरंत बचाव दल को मौके पर भेजा गया और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। डीसीपी बाहरी उत्तरी जिला हरेश्वर स्वामी ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब साढ़े नौ बजे विस्फोट और मकान ढहने की सूचना मिली, जिसके बाद पास में गश्त कर रहे आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी) और स्थानीय पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। स्वामी ने कहा 11 लोगों को बचा लिया गया है। एक महिला झुलस गई थी और उसकी हालत गंभीर है। उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट एक बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरते समय होने की शुरुआती जानकारी मिली है। मौके पर कुछ सिलेंडर मिले हैं। स्वामी ने कहा प्रारंभिक रूप से हमें पता चला है कि उस मकान में बर्तन रंगने का कारखाना चल रहा था। वहां कई गैस सिलेंडर मिले हैं। बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस को भरा जा रहा था और संभवतः यही विस्फोट का कारण प्रतीत होता है।

### 250 वर्ग गज में बना था एक मंजिला मकान

डीएफएस ने बताया कि घायल हुए 10 लोगों को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने ढही इमारत का मलबा हटाया। मलबे में कोई भी व्यक्ति फंसा न रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने तलाश अभियान शुरू किया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली अग्निशमन सेवा, स्थानीय पुलिस और एक खोजी दस्ते को घटनास्थल पर तैनात किया गया था। सभी घायल कारखाने में काम करने वाले मजदूर थे। जिस मकान में विस्फोट हुआ वह करीब 250 गज में बना था।

## खबर संक्षेप

### एलजी ने दी रिज मैनेजमेंट बोर्ड पुनर्गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के रिज क्षेत्रों की सुरक्षा, पुरानी हरित विरासत और पर्यावरणीय संतुलन को नया जीवन देने के लिए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड का पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार यह बोर्ड दिल्ली की हरित विरासत और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए रिज क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षण को मजबूती से सुनिश्चित करेगा। एलजी ने रिज एरिया में अतिक्रमण रोकने के लिए स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) भी गठित कर दी है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप गठित इस नए बोर्ड का उद्देश्य दिल्ली रिज क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षण और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना है। पुनर्गठित बोर्ड की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव करेंगे और डीडीए उपाध्यक्ष बोर्ड सदस्य होंगे।

### राजधानी में पारा 37 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर मौसम का मूड बदल गया है और मंगलवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 37 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हुआ। बावजूद इसके अब भी दिल्ली में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार पारे में बढ़त दर्ज होने लगी है। अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0.1 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी के अनुसार सोमवार व मंगलवार को दर्ज करने लायक बारिश दर्ज नहीं हुई है। ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए आईएमडी ने बताया कि बुधवार को मौसम सामान्य रहेगा।

# सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज, नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न का शिकार हुई एक तीन वर्षीय बच्ची की पहचान उजागर करने के आरोप में आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला जनकपुरी के निजी स्कूल से जुड़ा है। भारद्वाज के खिलाफ जनकपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

गौरतलब है कि जनकपुरी के एक निजी स्कूल में 57 वर्षीय कर्मचारी द्वारा तीन वर्षीय बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया था। यह घटना एक मई को बच्ची की मां द्वारा पुलिस से संपर्क करने के बाद सामने आई थी। शिकायत के अनुसार बच्ची के दाखिले के एक दिन बाद 30 अप्रैल को ही स्कूल जाना शुरू किया था। घर लौटने पर बच्ची ने दर्द की शिकायत की और जब बच्ची की मां ने उससे पूछताछ की तो उसने आप बीती बताई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया था। जांच आगे बढ़ने पर स्कूल की एक महिला शिक्षिका को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। अब भारद्वाज के खिलाफ नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर करने के आरोप में एक अलग मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने तीन साल की बच्ची के दुष्कर्म के मामले में स्कूल का नाम उजागर करने के लिए मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है।

### इमारत ढहने के जिम्मेदार अधिकारियों पर हो सख्त कार्यवाही : देवेन्द्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सैदुलाजैब में इमारत ढ़हने के मुद्दे पर कहा है कि इसके लिए जिम्मेदार भ्रष्ट निगम अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। इस घटना में सभी मृतकों और घायलों के पीड़ति परिवारों को भाजपा सरकार तुरंत उचित मुआवजा दे। देवेंद्र ने आंकड़े रखते हुए दावा किया कि दिल्ली में पिछले 16 वर्षों में 21 इमारतों के ढहने से 136 लोग अपनी बेशकीमती जान गंवा बैठे है। जिससे यह साबित होता है कि वर्ष 2007 से भाजपा ने निगम की सत्ता में रहकर सिर्फ लोगों की मौत से समझौता किया हैं। उन्होंने कहा कि 30 मई को इमारत ढहने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का सैदुलाजाब का दौरा व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश पर कुछ नहीं हो रहा। यादव ने मांग की है कि मरने वालों को उचित मुआवजा दिया जाए और दोषियों पर आपराधिक मामला किया जाए।

# 'साकेत भवन हादसाः लगभग 80 से 90 ट्रक मलबा घटनास्थल से हटाया गया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साकेत भवन हादसे के बाद दिल्ली नगर निगम ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी कर कहा है कि हादसे के बाद से ही दिल्ली नगर निगम प्रशासन घटना स्थल पर टीम, मशीनरी के साथ पहुंचा और मलबा हटाने का कार्य निरंतर जारी है। निगम प्रवक्ता ने कहा कि सोमवार को भी बचाव एवं मलबा हटाने का कार्य निरंतर जारी रहा और मंगलवार को भी जारी रहा। बताया गया कि पिछले लगभग 42 घंटों से भवन विभाग एवं अनुरक्षण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार बचाव एवं मलबा हटाने के कार्य में लगे हुए हैं। इस कार्य के लिए 3 जेसीबी, 2 पोकलेन मशीनें, 3 हाइड्रा मशीनें, गैस कटर, न्यूमेटिक हैमर, स्कैफोल्डिंग सामग्री, जैक, गर्डर तथा समीपवर्ती भवनों की सुरक्षा हेतु अन्य आवश्यक उपकरणों का उपयोग किया गया। इस दौरान एमसीडी ने लगभग 80 से 90 ट्रक मलबा घटनास्थल से हटाया एवं साफ किया गया है।

निगम प्रशासन ने बताया कि घटनास्थल के आसपास कई अनधिकृत रूप से निर्मित भवनों की पहचान की गई है। इनके विरुद्ध दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक नोटिस जारी किए जा चुके हैं तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 17 साल के लड़के की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या

नई दिल्ली। न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार देर रात 17 वर्षीय नाबालिग लड़के की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर दो किशोरों समेत तीन लोगों को पकड़ने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 10:25 बजे न्यू उस्मानपुर थाने को चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। 17 वर्षीय किशोर जमीन पर पड़ा हुआ मिला। फॉरेंसिक टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित साक्ष्य एकत्र किए। इस संबंध में न्यू उस्मानपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पीड़ित को दर्जनभर से ज्यादा चाकू मारे गये थे। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यू उस्मानपुर थाने की एक टीम ने साक्ष्य जुटाए और दो किशोरों (17) को पकड़ा और एक शख्स निक्की (21) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और खुलासा किया कि उनका पीड़ित के साथ कुछ विवाद था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित और आरोपी दोनों एक ही समुदाय से हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‍घोषणा

धारा 82 Cr P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सलमान**, पुत्रः सराफत, पताः A-190 गली नंबर 7, रानी गार्डन, दिल्ली, ने **FIR No. 029502/19, U/s: 379/411 IPC, थानाः गीता कॉलोनी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सलमान**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सलमान**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‍घोषणा की जाती है कि **FIR No. 029502/19, U/s: 379/411 IPC, थानाः गीता कॉलोनी, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **सलमान**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री प्रेरणा राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 02,
कोर्ट नंबर 15, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/7293/SHD/2026
(Court Matter)


# गोली से घायल लड़के की मौत को लेकर परिजनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पूर्वी जिले के अमर कॉलोनी में 26 मई को गोली लगने से घायल साई कुमार की इलाज के कई दिन बाद मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव परिजनों के हवाले कर दिया। परिवार और आसपास के लोगों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की है। मामले में क्राइम ब्रांच अब तक नाबालिग मुख्य आरोपी समेत तीन को पकड़ चुकी है। वहीं, एक नाबालिग अभी भी फरार बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदात से नाराज स्वजनों व स्थानीय लोगों ने छतरपुर लालबत्ती पर युवक का शव रखकर प्रदर्शन किया। वे आरोपितों को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने बहुत समझाने का प्रयास किया। हालांकि, वे अपनी मांग पर अड़े रहे। इस बीच सड़क पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। बता दें कि अमर कॉलोनी इलाके के एक रेस्तरां में युवती को घूरने का विरोध करने पर 17 साल के किशोर के सिर में गोली मार दी गई थी। मामले की जांच पुलिस कमिश्नर ने क्राइम ब्रांच को सौंपी है। पुलिस इस मामले में पकड़े गए मुख्य आरोपी 16 साल के किशोर के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में एक याचिका दायर करने पर विचार कर रही है, ताकि अपराध की गंभीरता और उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए उस पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाया जा सके। वारदात का मुख्य आरोपी ओखला के श्याम नगर का रहने वाला 16 साल का किशोर है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी समेत तीन अन्य उसके वारदात में शामिल थे। फिलहाल इनमें से एक नाबालिग फरार चल रहा है।

### फायरिंग की चपेट में आया किशोर, पैर में लगी गोली

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के न्यू उस्मानपुर इलाके में अज्ञात हमलावरों द्वारा एक घर को निशाना बनाकर फायरिंग की गई। इस दौरान मौके से गुजर रहे एक 12 वर्षीय बच्चे को पैर में गोली लग गई। वारदात को तीन लोगों ने अंजाम दिया। किशोर को अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने चार घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम प्रांकुर (29) और हर्ष (22) बताये गये। इनके कब्जे से एक देसी राइफल बरामद की बरामद की गई। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। एडिशनल डीसीपी प्रथम संदीप लांबा के अनुसार सोमवार रात न्यू उस्मानपुर थाने में गोलीबारी की एक घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि न्यू उस्मानपुर के चौथे पुश्ता इलाके में धर्मेंद्र (43) नाम के एक कैटरर के घर के सामने तीन लोगों ने गोलीबारी की थी। इस घटना के दौरान वहां से गुजर रहे 12 साल के एक लड़के के पैर में गोली लगने से चोट आई। उसका इलाज अभी जेपीसी अस्पताल में चल रहा है। क्राइम सीन का मुआयना फोरेंसिक टीम ने किया, जिसने वहां से जरूरी सबूत इकट्ठा किए। कानून की उचित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई गई और पुलिस टीमों को अलग-अलग नाकों पर तैनात किया गया। इसके नतीजे में अपराध में शामिल दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामले में आगे की जांच चल रही है।

### रंगदारी वसूलने की कोशिश में बिल्डर के घर पर फायरिंग

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के साकेत में एक बिल्डर के घर पर दो मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोलीबारी की। बताया जा रहा है कि बिल्डर ने उनकी वसूली की मांग को मानने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी और बताया कि घटना साकेत थाना क्षेत्र के लाडो सराय में हुई। मिली सूचना के अनुसार हमलावरों ने स्थानीय बिल्डर महावीर के घर के बाहर सात राउंड गोलियां चलाई और फरार हो गए। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। गोलीबारी की यह घटना बिल्डर से वसूली की मांग से जुड़ी बताई जा रही है। बताया जाता है कि पीड़ित की पहचान के एक व्यक्ति ने उनसे वसूली की मांग की थी। मुख्य साजिशकर्ता का संबंध कथित तौर पर एक स्थानीय गिरोह से भी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर जांच पड़ताल की गई। जांच अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और वहां पड़े खाली कारतूस कब्जे में लिये। पुलिस केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुट गई है। इसके लिये आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‍घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **वसीम**, पुत्रः मो. रहीस, पताः जे–44, न्यू सीलमपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 142/200, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः वैलकम, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **वसीम**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **वसीम**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‍घोषणा की जाती है कि **FIR No. 142/200, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः वैलकम, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **वसीम**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
शाहदरा जिला, कमरा नंबर 19,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7277/NE/2026
(Court Matter)


रंगदारी के मामले में किया जा चुका था भगौड़ा घोषित

# गोगी गैंग का वांछित अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने गोगी गैंग के वांछित अपराधी बलजीत को गिरफ्तार किया है। आरोपी 2025 से गिरफ्तारी से बच रहा था। के.एन. काटजू मार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज रंगदारी के एक मामले में इसे भगौड़ा अपराधी भी घोषित किया जा चुका था।

डीसीपी नारा चैतन्य के अनुसार स्पेशल सेल नॉर्दर्न रेंज और एसटीएफ की एक टीम ने इस वांछित अपराधी बलजीत (39) पुत्र हवा सिंह, निवासी जिला सोनीपत, हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 11 मई 2025 को दोपहर लगभग 2:25 बजे चार लड़के एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार में सवार होकर शाहबाद डेयरी इलाके में पहुंचे थे। वहां उन्होंने खुद को गोगी गैंग का बदमाश बताया और एक प्लॉट पर काम कर रहे नौकर को धमकाते हुए कहा कि वह प्लॉट खाली कर दे अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इसके आधार पर अगले दिन के.एन. काटजू मार्ग पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया था। आगे की जांच में आरोपियों की पहचान की गई और उनमें से एक आरोपी बलजीत को इस मामले में न्यायालय ने भगौड़ा अपराधी घोषित किया, क्योंकि वह मामला दर्ज होने के बाद से ही अपनी गिरफ्तारी से लगातार बच रहा था। हाल ही में इसकी गोहाना में मौजूदगी का पता चला था। इस आधार पर एक छापा मारा गया और आरोपी बलजीत को गोहाना से सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। बलजीत अपने माता-पिता के साथ अपने पैतृक गांव में रहता था।

इसने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और उसके बाद जम्मू यूनिवर्सिटी से जेबीटी कोर्स पूरा किया। 2017 में उसने गोहाना के एक अखाड़े में कुश्ती शुरू की, लेकिन 2019 में चोट लगने के कारण कुश्ती छोड़ दी। उसके बाद उसने राजू नाम के एक व्यक्ति के साथ गोहाना मंडी में आढ़ती के तौर पर काम करना शुरू किया था। राजू की अपने प्रतिद्वंद्वियों से दुश्मनी थी और बलजीत भी दंगे, हत्या की कोशिश, चोट पहुंचाने आदि के आपराधिक मामलों में शामिल हो गया। बलजीत की मुलाकात राजू के जरिए गोगी गैंग से जुड़े पूठ खुर्द के रहने वाले रोहित से हुई। इसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। रोहित ने उससे पांच लाख रुपये उधार लिए और उन्हें चुका नहीं पाया।

रोहित ने आरोपी बलजीत को उधार लिए गए पैसों के बदले शाहबाद दौलतपुर इलाके में एक विवादित जमीन खरीदने में मदद करने का भरोसा दिया। उस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश में बलजीत अपने साथियों के साथ उस विवादित जमीन पर गया था।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

**विषय : लोक निर्माण ( भ व प ) विभाग, हरियाणा में सहायक अभियंता ( सिविल ) और विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में उप मण्डल अभियंता ( सिविल ) पंचायती राज के पद के लिए कम्बाइंड स्क्रीनिंग टेस्ट ( विज्ञा. सं. 19/2025 )**

लोक निर्माण (भ व प) विभाग, हरियाणा में सहायक अभियंता (सिविल) और विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में उप मण्डल अभियंता (सिविल) पंचायती राज के पदों (विज्ञा. सं. 19/2025) के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप एक कम्बाइंड स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | विज्ञा. सं. | पद व विभाग का नाम | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 19/2025 | लोक निर्माण (भ व प) विभाग, हरियाणा में सहायक अभियंता (सिविल) | 14.06.2026 पूर्वा. 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |
| | | विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में उप मण्डल अभियंता (सिविल) पंचायती राज | |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.06.2026 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 02.06.2026
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/383/2027/45834/88/7 दि. 02.06.26

## रेखा गुप्ता ने परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

# सीएम ने डीटीओ कार्यालय में अव्यवस्था देख अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुराड़ी के जिला परिवहन कार्यालय समेत परिवहन विभाग से संबंधित कई कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान जिला परिवहन कार्यालय में अव्यवस्था देख उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और संबंधित विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सेवा गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन, जिला परिवहन कार्यालय, वाहन निरीक्षण इकाई और हेवी मोटर व्हीकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बुराड़ी डीटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण के लिए आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। बातचीत के दौरान अनेक लोगों ने बताया कि उन्हें लंबे समय तक भवन के बाहर प्रतीक्षा करनी पड़ती है। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, साफ पीने का पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से भवन के बाहर प्रतीक्षा करने के लिए बाध्य न किया जाए। उन्होंने तत्काल प्रभाव से सभी आवेदकों को भवन के भीतर बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नागरिक सरकारी सेवाएं प्राप्त करने आते हैं, वे सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर सुविधाओं के अधिकारी हैं। सरकारी सेवाओं के लिए आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में प्रतीक्षा करवाना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सबसे पहले निर्माणाधीन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि नए स्टेशन में एक समय में 5 वाहनों की जांच की जा सकेगी और प्रतिवर्ष 80 से 90 हजार व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच की क्षमता विकसित होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना के डिजाइन, क्षमता, जल निकासी व्यवस्था और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए तथा इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

### पूरे परिसर का किया जाना चाहिए पुनर्विकास

डीटीओ परिसर की स्थिति का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल मरम्मत पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर संपूर्ण परिसर के पुनर्विकास की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे परिसर का एक समग्र पुनर्विकास प्लान तैयार किया जाए, जिसमें नागरिक सुविधाएं, पार्किंग, हरित क्षेत्र, प्रशासनिक कार्यालय, प्रशिक्षण सुविधाएं और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा सके।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और बुनियादी ढांचे, डिजिटल प्रशासन, परिवहन, जल प्रबंधन और शिक्षा क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गुप्ता ने जर्मनी के थुरिंगिया राज्य के मुख्यमंत्री मारियो वोग्ट और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत की। इसमें कहा गया है कि दोनों पक्षों ने स्मार्ट शहरी विकास और टिकाऊ बुनियादी ढांचे, डिजिटल शासन और नवाचार, कौशल विकास, परिवहन, जल प्रबंधन और पर्यावरण प्रौद्योगिकियों, शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत-जर्मनी साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में लगातार मजबूत हो रही है, और दिल्ली नवाचार, सतत विकास और मानव विकास की इस साझा यात्रा में योगदान देने पर गर्व महसूस करती है।

### एमसीडी ने चार एजेंसियों के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** आधुनिक तकनीक से संपत्ति कर बढ़ाने और शहरी प्रशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, दिल्ली नगर निगम ने चार एजेंसियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। निगम प्रशासन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि इन पायलट परियोजनाओं के अंतर्गत ड्रोन-आधारित हवाई सर्वेक्षण, लिडार मैपिंग, डिजिटल ट्विन तकनीक, थ्री-डी सिटी मॉडलिंग, जीआईएस आधारित एसेट मैपिंग तथा आधुनिक डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ये टेक्नोलॉजी संपत्ति कर विभाग और अन्य शहरी नियोजन सेवाओं के लिए उन संपत्तियों का पता लगाने में मदद करेंगी जिनका अभी तक मूल्यांकन नहीं हुआ है या जिनका मूल्यांकन कम हुआ है।

### हीट वेव : 4 लाख 70 हजार लोगों तक पहुंची राहत सामग्री : रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी और हीट वेव से लोगों को बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दिल्ली सरकार द्वारा 6 मई 2026 से संचालित मोबाइल हीट रिलीफ यूनिटों के माध्यम से अब तक 4 लाख 70 हजार 89 लोगों को राहत पहुंचाई गई है। इस दौरान 1 लाख 84 हजार 21 लीटर पेयजल वितरित किया गया है। साथ ही 2 लाख 43 हजार 945 ओआरएस पैकेट, 67 हजार 431 गमछे और 49 हजार 434 कैप लोगों को उपलब्ध कराई गई हैं। इस बात की जानकारी मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी और हीट वेव की चुनौती से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा राजधानी के सभी 13 जिलों में व्यापक राहत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट, कूलिंग जोन और अस्थायी शेड स्थापित कर लोगों को पीने का पानी, ओआरएस, गमछे, कैप और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### दिल्ली में जल वितरण सुधार अभियान शुरू, प्रतिदिन बचेगा लाखों लीटर पानी : प्रवेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जल भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए जल वितरण व्यवस्था में व्यापक सुधारों की शुरुआत की है और इससे प्रतिदिन लाखों लीटर पानी बचाया जा सकेगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने प्रैसवार्ता में कही है। प्रैसवार्ता में प्रवेश ने कहा कि शुरू किए गए ये सुधार जल के समान वितरण, जल हानि में कमी, पुरानी जल अवसंरचना के आधुनिकीकरण और शोधित जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। इसे दिल्ली की जल प्रबंधन व्यवस्था में पिछले कई दशकों का सबसे व्यापक सुधार माना जा रहा है। जल मंत्री प्रवेश ने कहा कि दिल्ली में हर वर्ष पानी की मांग बढ़ रही है, जबकि उपलब्ध जल संसाधन सीमित हैं। गर्मियों के चरम मौसम में दिल्ली को लगभग 1 हजार 250 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) पानी की आवश्यकता होती है। हालांकि, यमुना नदी में लंबे समय से बने हुए शुष्क हालात के कारण पिछले कुछ दिनों में जल उत्पादन में लगभग 100 एमजीडी की कमी आई है, जिसका प्रभाव राजधानी के कुछ हिस्सों में जल आपूर्ति पर पड़ा है। जल मंत्री प्रवेश ने कहा कि दिल्ली के जल संसाधन सीमित हैं, जबकि आबादी लगातार बढ़ रही है। समाधान केवल अधिक पानी लाने में नहीं, बल्कि उपलब्ध हर बूंद का बेहतर प्रबंधन करने में है।

### एमसीडी आयुक्त ने जलभराव संभावित स्थलों एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** आगामी मानसून को देखते हुए दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने मंगलवार को सिटी एसपी जोन के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर जलभराव की रोकथाम तथा चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि दिल्ली नगर निगम मानसून के दौरान नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जलभराव की समस्या को न्यूनतम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मानसून पूर्व तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिटी एसपी ज़ोन की उपायुक्त कनिका, प्रमुख अभियंता पी.सी. मीणा सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सड़क निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

### हरियाणा सीमा से सटे क्षेत्रों में प्रदूषण संबंधी समस्या को जल्द किया जाएगा दूर : सिरसा

**नई दिल्ली।** हरियाणा सीमा से सटे औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते वायु प्रदूषण, खराब होती वायु गुणवत्ता तथा उसके जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता प्रकट करते हुए अधिकारियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने यह निर्देश मंगलवार को मुंगेशपुर गांव एवं बवाना औद्योगिक क्षेत्र का दौरा करने के दौरान अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरे में पर्यावरण मंत्री सिरसा के साथ स्थानीय विधायक और मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने क्षेत्र में प्रदूषण एवं विकास संबंधी विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।दौरे के दौरान मंत्री सिरसा ने स्थानीय निवासियों से संवाद किया, उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने तथा पर्यावरणीय स्थिति, नागरिक आधारभूत संरचना एवं क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। स्थानीय निवासियों ने हरियाणा सीमा से सटे औद्योगिक इकाइयों से बढ़ते वायु प्रदूषण, खराब होती वायु गुणवत्ता तथा उसके जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।

### गुरुद्वारा चुनाव से पहले बादल को छोड़ कई सिख नेता शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आगामी दिनों में होने वाले गुरुद्वारा चुनावों से पहले दल बदल देखा जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बादल दल को एक और झटका उस समय लगा जब उसके वरिष्ठ नेता जसवंत सिंह बिट्टू और अन्य युवा नेताओं ने शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट का दामन थाम लिया। अमर कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश और लाजपत नगर वार्डों के संयुक्त कार्यक्रम में जसवंत सिंह बिट्टू और उनके साथियों का पार्टी में शामिल होने पर हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह काहलों ने सिरोपा भेंट कर सम्मान किया और पार्टी संरक्षक शमशेर सिंह संधू का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कालका और काहलों ने कहा कि कमेटी की वर्तमान टीम द्वारा की जा रही सेवाओं को देखते हुए अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### विश्व मंच पर चमका हरियाणा का लाल

**फरीदाबाद।** हरियाणा पुलिस ने इंस्पेक्टर के पद तैनात प्रदीप मोर के पुत्र दीपेश मोर ने विश्व



पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व में गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि हरियाणा और के लिए गर्व का विषय है। इस सफलता के पीछे दीपेश की अथक मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ उनके माता-पिता के संस्कारों का भी बहुत बड़ा योगदान है।

### पोर्टल पर दर्ज करा सकेंगे जलभराव की शिकायत

**गुरुग्राम।** नगर निगम ने मानसून सीजन के दौरान शहर में होने वाले जलभराव की समस्याओं से



निपटने के लिए एक फ्लड रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के माध्यम से शहरवासी अपने क्षेत्र में होने वाले जलभराव की सूचना और शिकायत सीधे निगम प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे, जिससे संबंधित फील्ड अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

### मानव सुपर-21 में 1 छात्र ने क्वॉलिफाई किया जेईई



**फरीदाबाद।** मानव सुपर-21 आईआईटी, नीट कोचिंग के छात्र ने जेईई एडवांस क्वॉलिफाई कर मानव सेवा समिति का नाम रोशन किया है। दो छात्र अशुंमन व शिवा जेईई एडवांस परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से अंशुमन ने 2600 रैंक लेकर जेईई एडवांस क्वॉलिफाई किया है।

### देसी कट्टा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया



है। जिसकी पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार क्राइम ब्रांच एनआईटी ने कार्रवाई करते हुए सद्दाम को अवैध देसी कट्टा सहित लैजर वैली पार्क पार्किंग से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना सूरजकुंड में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### वाहन चोरी के मामले में चोर को किया काबू


**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार



सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने थाना पल्ला क्षेत्र में दर्ज वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिकेत निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद को स्कूटी के साथ मैट्रो फ्लैट सेक्टर-56 के पास से गिरफ्तार किया है।

### 830 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने 830 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार



किया है। जिसकी पहचान अक्षय कुमार के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 जून को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने प्राप्त सूचना पर अक्षय कुमार को 830 ग्राम गांजा सहित आसियाना फ्लैट के पास से गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

---

### पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

# ट्रक की बिजली के ट्रांसफार्मर में भीषण टक्कर, साढ़े चार लाख रुपए का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

यहां इस्लामपुर गांव में एक ट्रक चालक ने ट्रक की टक्कर से बिजली का ट्रांसफार्मर गिरा दिया। इससे बिजली विभाग को साढ़े चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने मंगलवार को बिजली विभाग की शिकायत पर बताया कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार इस्लामपुर गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास एक ट्रक की टक्कर




से 200 केवीए क्षमता का बिजली का ट्रांसफार्मर गिर गया। इस हादसे में ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को लगभग साढ़े चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। डीएचबीवीएन के एसडीओ राजेश कौशिक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी व ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सुरेश ने इस मामले की जांच की। जांच अधिकारी ने बताया कि यह ट्रक न्यू कुमार ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन गाजियाबाद का है। कंपनी के मैनेजर राहुल से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने इस नुकसान की भरपाई के लिए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

---

ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत

# विजयनगर पुलिस ने गुमशुदा दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले किया

बच्चों के गुम होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना विजयनगर पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर तलाश, स्थानीय लोगों से पूछताछ एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए लगातार प्रयास किए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के अंतर्गत थाना विजयनगर पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गुमशुदा दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। बच्चों के गुम होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना विजयनगर पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर तलाश, स्थानीय लोगों से



पूछताछ एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए लगातार प्रयास किए। पुलिस की सक्रिय कार्यवाही एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

---

### गाजियाबाद के खोड़ा में प्रशासन का बड़ा एक्शन

**आदेश की प्रतियां मदरसों के बाहर चस्पा कर दिया गया**

# 3 अवैध मदरसों को किया सील बिजली कनेक्शन भी काटे गए

*गाजियाबाद के खोड़ा स्थित लोकप्रिय विहार इलाके में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अवैध मदरसों को सील कर दिया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस ने मंगलवार को बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन अवैध मदरसों को सील कर दिया। लोकप्रिय विहार इलाके में स्थित मदरसा रहमानिया अरबिया कासिम अल उलूम समेत तीनों मदरसों के गेट सील कर दिए गए, जबकि उनके बिजली कनेक्शन भी काट दिए गए।

प्रशासन ने सीलिंग आदेश की प्रतियां मदरसों के बाहर चस्पा कर दी हैं। कार्रवाई के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ और पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ स्थानीय पुलिस, पीएसी और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों की भारी तैनाती रही। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया।

#### मुनादी कर दी गई जानकारी, 15 दिन का समय



सीलिंग के दौरान प्रशासन की ओर से मदरसों के बाहर मुनादी भी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि मदरसा प्रबंधन को अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### अवैध संपत्तियों और अपराधियों पर जारी रहेगा अभियान

डीएम ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध रूप से संचालित संस्थानों और अवैध संपत्तियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

#### सूर्या हत्याकांड के आरोपियों की तलाश तेज

इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे. रविन्द्र गौड़ ने सूर्या हत्याकांड के फरार आरोपियों को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

#### जांच में सामने आईं अनियमितताएं

डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बताया कि यह अभियान सोमवार से स्थानीय पुलिस के साथ शुरू किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित तीनों मदरसे न तो मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त थे और न ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से उनके पास कोई वैध अनुमति थी। इसके अलावा मदरसों में वैध बिजली कनेक्शन भी नहीं पाया गया। प्रशासन ने पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मंगलवार को सीलिंग की कार्रवाई की गई।

---

### आग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

# फ्लैट में लगी भीषण आग, तीन पालतू श्वानों की दुखद मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गाजियाबाद

अवंतिका के एक फ्लैट में भीषण आग लग गयी। इस दौरान अग्नि शमन विभाग ने आग में फंसे कई लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि अवन्तिका कॉलोनी में एक फ्लैट में आग लगने और उसमें व्यक्तियों के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल दो फायर टेंडर फायर स्टेशन कोतवाली घंटाघर से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। रास्ते में से ही फ्लैट में फंसे व्यक्तियों को फोन के माध्यम से ही फायर सर्विस के घटनास्थल पर पहुंचने तक खुद को फ्लैट की एक बालकनी में सुरक्षित रखने के उचित दिशा निर्देश दिए।

**आग तृतीय तल पर फ्लैट नंबर 202 में लगी**

घटनास्थल अवंतिका फेस 2, प्लॉट नंबर 1 पर निर्मित एसके होम नामक चार मंजिला इमारत पर पहुंचने के बाद पर फायर सर्विस यूनिट्स ने देखा कि आग तृतीय तल पर निर्मित एक पवन शर्मा के 3 बेडरूम फ्लैट नंबर 202 में लगी हुई है और फ्लैट में निवासरत सभी चारों व्यक्ति बालकनी में फ्लैट के अंदर से आ रहे धुएं के बीच मदद के इंतजार में बदहवास हालत में खड़े हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में सर्वप्रथम एक्सटेंशन लैडर लगाकर उन सभी को सुरक्षित तरीके से लैडर के माध्यम से नीचे उतारा गया, उसके बाद एक्सटेंशन लैडर और भवन के स्टेयर के द्वारा दोनों तरफ से हौज लाइन फैलाकर दोनों फायर टेंडर्स के मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर आग पर पानी डालना शुरू किया।

---

### साइबर सेल की टीम ने तकनीकी सहायता से ढूंढे 20 मोबाइल

# गुम हुए मोबाइल को डीसीपी अग्रवाल ने लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

पुलिस द्वारा आमजन की सहायता एवं उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सेल बल्लभगढ़ की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए तकनीकी सहायता एवं सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 20 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 जून को पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने बरामद किए गए मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा है। लोगों ने अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर खुशी व्यक्त करते हुए फरीदाबाद पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल बल्लभगढ़ की टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन की लोकेशन और उपयोग संबंधी तकनीकी जानकारी का विश्लेषण किया गया।

---

### अपराध शाखा ऊचा गांव टीम की कार्रवाई

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी की शाखा से 3,54,811 व डीवीआर की चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरीदाबाद

थाना शहर बल्लभगढ़ के अंतर्गत चावला कॉलोनी स्थित एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी की शाखा से लाखों रुपये की चोरी के मामले में अपराध शाखा ऊचा गांव ने कार्रवाई करते हुए 1 जून को शाखा के कर्मचारी मोनूराज निवासी किशनपुर मेरठ को गिरफ्तार कर लिया है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर ब्रजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी महिलाओं के समूह ऋण का कार्य करती है तथा उनकी एक शाखा चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ में संचालित है।

#### सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को भी लेकर भागे थे आरोपी

जांच में सामने आया कि मोनूराज उर्फ करण कंपनी की शाखा में कार्यरत था तथा शाखा में नकदी रखे जाने के स्थान की पूरी जानकारी रखता था। छुट्टी के दौरान शाखा में अकेला होने का फायदा उठाकर उसने मैनेजर के बैग से लॉकर की चाबी चोरी की फिर लॉकर को खोलकर 3,54,811 रुपए नकद चोरी कर लिये। चोरी के बारे में किसी को पता न चले, इसके लिए शाखा में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को भी अपने साथ लेकर फरार हो गया।

---


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त, 1. **मुखिया उर्फ प्रीति उर्फ काजल उर्फ कल्याणी पत्नीः** शंकर **पताः** म.सं.–1079, नांगल राया, दिल्ली, 2. **पूनम उर्फ पूजा पत्नीः** रवि शाह **पताः** म.सं.–1079, नांगल राया, दिल्ली, ने **FIR No.: 227/2017, U/s: 380/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **मुखिया उर्फ प्रीति उर्फ काजल उर्फ कल्याणी और पूनम उर्फ पूजा,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **मुखिया उर्फ प्रीति उर्फ काजल उर्फ कल्याणी और पूनम उर्फ पूजा,** फरार हो गयी हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 227/2017, U/s: 380/34 IPC, थानाः हरि नगर, दिल्ली,** के उक्त दोनों अभियुक्त, **मुखिया उर्फ प्रीति उर्फ काजल उर्फ कल्याणी और पूनम उर्फ पूजा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**सुश्री मोक्षा बैन्स**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11**
**वेस्ट, कमरा नंबर 31,**
**तीस हजारी कोर्ट नई दिल्ली**

**DP/7162/WD/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मिस्टर अकील पुत्रः** नामालूम **पताः** वेगाबॉन्ड, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने **FIR No.: 365/2018, U/s: 302/34 IPC, थानाः महेंद्र पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मिस्टर अकील,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मिस्टर अकील,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 365/2018, U/s: 302/34 IPC, थानाः महेंद्र पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **मिस्टर अकील,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वंदना एलडी.**
**अतिरिक्त सत्र मजिस्ट्रेट–02,**
**उत्तरी जिला, कमरा नं.202**
**रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/7261/NW/2026**
**(Court Matter)**



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-1, चण्डीगढ़ में हरि. सिविल सेक्रेटरियेट में सबसीडियरी ट्रेनिंग सेंटर एसटीसी), सीआईएसएफ का निर्माण। | 01.06.2026 10.06.2026 | 47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | जीन्द में जिला नागरिक हस्पताल के लैंडस्केपिंग कार्य की विशेष मरम्मत और एक अन्य। | 05.06.2026 11.06.2026 | 11.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | निर्वाचन क्षेत्र रादौर में प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, यमुनानगर के तहत विभिन्न सड़कों पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सड़कों की मरम्मत। (रोड आईडी : 12586, 565, 581, 411, 400, 435, 511, 532, 514 और 569) | 01.06.2026 11.06.2026 | 485.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में उत्तावर में राजकीय बहुतकनीकी में चारदिवारी का पुनर्निर्माण (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 133.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में उचाना में नागरिक हस्पताल के आवास क्वार्टर की विशेष मरम्मत। | 01.06.2026 08.06.2026 | 14.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में गांव उचाना खुर्द में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण। | 01.06.2026 10.06.2026 | 342.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | हाई प्रैशर जेट्टिंग हाइड्रोलिकली ऑपरेटेड सीवर क्लीनिंग मशीन्स (क्षमता : 2000 ली.) 5 टन (+/- 2%) जीवीडब्ल्यू ट्रक चेसिस पर विधिवत माउंटेड का वार्षिक दर अनुबंध। | 02.06.2026 02.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | एनटीईपी प्रोग्राम के तहत एसीएफ टीबी विभाग समेत पब्लिक प्राइवेट सपोर्ट एजेंसी पीपीएसए। | 03.06.2026 16.06.2026 | 1.04 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8059682590 dtohrfbd@rntcp.org |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल के लिए चिकित्सा उपकरण अर्थात स्लाइड कैबिनेट (क्षमता-20000) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 05.06.2026 19.06.2026 | ईएमडी 8000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 05.06.2026 19.06.2026 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 11 | पंचायती राज हिसार | धीरांवास, हिसार-II, गुरूकुल धर्मशाला में हॉल कमरे का निर्माण (एमपी) + 1 कार्य। | 29.05.2026 08.06.2026 | 112.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8397953040 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गली और ड्रेन का निर्माण I) एयरटेल टावर से पशु चिकित्सालय तक। II) महिन्दर बलक्चा से आशा दीप स्कूल तक। III) पीर से दलेर हाउस तक गांव बरसात ब्लॉक घरौंडा + 5 कार्य। | 30.05.2026 08.06.2026 | 59.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | राजकीय आईटीआई गुरूग्राम (कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण हरियाणा) | राजकीय आईटीआई, गुरूग्राम दिनांक 20.06.2026 को एक 5-स्टार होटल, गुरूग्राम (हरियाणा) में पीएम सेतु पर एक वर्कशॉप / मीटिंग आयोजित करने के लिए "विभिन्न व्यवस्थाएं / सेवाएं बनाने / प्रावधान अर्थात स्थान की व्यवस्था, स्थान सैटअप, फ्लैक्स होर्डिंग्स का प्रावधान व फिक्सिंग, साउंड सिस्टम, कैटरिंग हेतु निविदा।" के लिए बोलियां आमंत्रित करती है। | 02.06.2026 11.06.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2320434 gurugram.giti@hry.gov.in |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | पीवीसी फ्लैक्सिबल स्पायरल फ्यूज और अन्य 10 अदद। | बंद होने की तिथि 11.06.2026 | 50.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2027/280/45845/I/88/7 दि. 02.06.26

## खबर संक्षेप

### 13 साल पुरानी कार बदलने बाबूलाल मरांडी ने लिखा पत्र



**रांची।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता जताई गई है। उन्हें आवंटित 13 साल पुरानी बुलेटप्रूफ सफारी और सुरक्षा में लगी तीन जर्जर जिप्सियों को तत्काल बदलने की मांग की गई है। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष के वरीय आप्त सचिव राजेंद्र तिवारी ने गृह सचिव को एक आधिकारिक पत्र लिखा है।

### बिहार के मदरसों की जांच 3 सदस्यीय समिति करेगी



**पटना।** बिहार की सम्राट चौधरी सरकार मदरसों की जांच करने जा रही है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के ऐलान के बाद आदेश भी निकाल दिया है। इसमें सभी जिलों के डीएम को अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसों की जांच के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग के सचिव ने इसके लिए हर प्रखंड स्तर पर एक 3 सदस्यीय समिति गठित करने को कहा है।

## अपराधियों पर सीएम योगी का फिर निशाना

# हमने शोहदों और मनचलों को ठीक किया जो बोली नहीं समझा वो गोली से मान गया

***सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर अपराधियों पर सरकार के सख्त एक्शन जारी रहने का संदेश दिया। उन्होंने बोली से न मानने वालों को गोली से जरूर मानने की बात कही।***

**एजेंसी ▶▶ कुशीनगर**

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आयोजित विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपराधी और गुंडों को सख्त संदेश दिया। सीएम योगी ने साफ कहा कि राजनीति और सत्ता हमारे लिए सेवा का माध्यम है। केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने बुरी नजर डालने वालों पर सख्त एक्शन लिया है।

सीएम ने कार्यक्रम में पुलवामा अटैक के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चले ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इसमें लखनऊ में बने ब्रह्मोस मिसाइल के उपयोग की बात कही। साथ ही, अपराधियों के खिलाफ प्रदेश में लगातार हो रहे एक्शन का जिक्र किया। गाजियाबाद के खोड़ा में सूर्या चौहान की हत्या मामले का संकेतों में जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो बोली से नहीं माना है, वह गोली से जरूर मान गया है।

### यूपी में ब्रह्मोस बन रहा, पाकिस्तान बाप-बाप कहकर चिल्ला पड़ा

### राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति हम सब का दायित्व

### वोट की ताकत से जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुआ



सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब दिल्ली में वोट अपनी ताकत दिखता है ,लखनऊ में वोट अपनी ताकत दिखता है। उस वोट की ताकत क्या होती है, आप सबने देखा है। अयोध्या में राम मंदिर बन जाता है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो जाती है। भारत के जनमानस से खिलवाड़ करने की कोशिश करने वाले पाकिस्तान की छाती पर हम मिसाइल मारते हैं। सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान पर जो मिसाइल मारी जाती है, उसका निर्माण लखनऊ में हम लोग करवाते हैं। पाकिस्तान को वह मिसाइल कंपा देता है। पाकिस्तान बाप-बाप कहकर चिल्ला पड़ता है, क्योंकि ब्रह्मोस मिसाइल की काट दुनिया में नहीं है। हम लोगों को समझाते हैं। लेकिन, जो बोली से नहीं मानता है, वह गोली से जरूर मान जाता है।

**पूर्व की सरकारों पर हमला**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि लखनऊ में पिछली सरकारें क्या करती थी, यह सब जानते हैं। लखनऊ की सरकार कट्टा और बम बनती थी। यह निर्दोष लोगों को लूटने के लिए उपयोग में लाया जाता था। व्यापारियों को निशाना बनाया जाता था। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगती थी माना है। आज हम मिसाइल बना रहे हैं और जब वह दुश्मन की छाती पर प्रहार करता है, तो वह चिल्ला उठता है।

## मंत्री जायसवाल ने दिए निर्देश

# अंचलाधिकारी लिख कर दें क्षेत्र में कोई भूमिहीन नहीं



**एजेंसी ▶▶ पटना**

अभियान बसेरा-दो में सुस्ती से आजिज राज्य सरकार ने अंचलाधिकारियों से शपथ पत्र जमा करने को कहा है। इसमें लिखना होगा कि हमारे अंचल में कोई भूमिहीन परिवार नहीं है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को समीक्षा बैठक में यह निर्देश जिलाधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी अंचल अधिकारियों से शपथ पत्र लेंगे। उसे मुख्यालय भेजेंगे। मंत्री ने कहा कि सभी भूमिहीन परिवारों को वास के लिए जमीन देना सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन कई अंचलों में आवेदकों को अनफिट करार दिया जाता है। गलत ढंग से अपफिट करार देने वाले अंचलाधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

### शिवहर, सिवान और बेगूसराय जिलों की समीक्षा की

उन्होंने शिवहर, सिवान और बेगूसराय जिलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब कार्य सामान्य रूप से शुरू हो चुका है। आवेदनों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में सभी अधिकारियों को दोगुनी गति से काम करना होगा। सिवान की समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिया कि अगले पंद्रह दिनों तक शाम छह से आठ बजे तक सभी अंचलाधिकारी कैंप मोड में आवेदनों का निपटारा करें। समीक्षा बैठक में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, सभी अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व कार्यों की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए

विभाग के सचिव जय सिंह एवं सचिव सीमा त्रिपाठी ने संबंधित जिलों के जिम्मेवार अधिकारियों से विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति पर बात की और सुधार लाने के निर्देश दिए। बेगूसराय की समीक्षा के दौरान स्थानीय विधायक और विधान पार्षद भी मौजूद रहें।

## पेज एक का शेष

### चेयरमैन राहुल...

को घेरा जा रहा था और पारदर्शिता की मांग की जा रही थी। बोर्ड की मूल्यांकन प्रक्रिया में आ रही गंभीर गड़बड़ियों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया है। कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान को इस विशेष जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। सीबीएसई द्वारा इस साल लागू किए गए डिजिटल ओएसएम सिस्टम और इसके ठेके (टेंडर) को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। छात्रों का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया से जवाबदेही से जुड़े जरूरी नियमों को हटा दिया गया, जिसके कारण मूल्यांकन में भारी लापरवाही सामने आई। कॉपियों की री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने की दिशा में सरकार के इस कदम को बेहद अहम माना जा रहा है।

### समिति के सामने ...

किया है। उन्होंने कहा कि समिति के सामने वे इनमें से तीन से चार प्रमुख मुद्दों को विस्तार से रखेंगे। छात्र ने आरोप लगाया कि ओएसएम प्रणाली से जुड़े नए टेंडर दस्तावेजों में कई महत्वपूर्ण शर्तों को बदल दिया गया। उनके मुताबिक पुराने टेंडर में खराब प्रदर्शन करने वाली कंपनियों को अयोग्य घोषित करने से संबंधित तीन महत्वपूर्ण शर्तें थीं, लेकिन नए आरएफपी (आरएफपी) में इन प्रावधानों को पूरी तरह हटा दिया गया। सार्थक ने यह भी दावा किया कि ब्लैकलिस्टिंग, वित्तीय पात्रता सीमा, सीएमएमआई स्तर और प्रोजेक्ट पात्रता से जुड़े नियमों में भी बदलाव किए गए।

### सीबीएसई के री....

टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। सीबीएसई ने बताया कि छात्रों से मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर पोर्टल में कुछ सुधार भी किए गए हैं। इसमें सत्र की समय सीमा बढ़ाना भी शामिल है ताकि छात्र बिना किसी जल्दबाजी के आसानी से आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। बोर्ड का कहना है कि प्लेटफॉर्म को अधिक सुविधाजनक और सुचारु बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

### भारत-नेपाल सीमा...

तीसरे पक्ष की कोई मदद नहीं ली जाएगी। विवाद का दोनों पक्ष आपस में मिल बैठकर ही हल निकालेंगे। गौरतलब है कि भारत कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को उत्तराखंड का हिस्सा मानता है।

**गंडक नदी के बहाव से उपजी समस्या :** रणधीर ने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच अब तक सीमा का 98 फीसदी हिस्सा निर्धारित किया जा चुका है। लेकिन कुछ मामले आज भी ऐसे हैं, जो अनसुलझे रह गए हैं और उनका हल निकाला जाना बाकी है। समाधान हर हाल में द्विपक्षीय ही होगा। उन्होंने बताया कि गंडक नदी के बहाव में परिवर्तन होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके अलावा सीमा के निर्धारित हिस्सों में सीमा पार कब्जे, निर्जन भूमि और अतिक्रमण के मामले भी शामिल हैं। जिनका संयुक्त रूप से मानचित्रण किया जा रहा है।

**सुगौली संधि को मानता है भारत :** यहां एक ध्यान देने वाली एक बात यह है कि नेपाल के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व द्वारा भारत के जिन सीमावर्ती इलाकों को अपने अधिकार क्षेत्र में बताया जा रहा है। उसका मुख्य आधार वह ब्रिटिश कालीन सुगौली संधि को बता रहे हैं। जो 1816 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के राजा के बीच अनुमोदित की गई थी। यह कालखंड स्पष्ट करता है कि उस वक्त भारत आजाद नहीं हुआ था और उस पर अंग्रेजी हुकूमत का कब्जा था। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत सुगौली संधि को मानता है। उसे हम खारिज नहीं करते हैं। लेकिन सीमाई मसलों का हल तो द्विपक्षीय माध्यम से ही निकाला जाएगा।

**ब्रिटेन का मध्यस्थता से इंकार :** भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर ब्रिटेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह मामला पूरी तरह से दोनों देशों के बीच का है। इसलिए इसका समाधान भी दोनों को ही निकालना चाहिए और उसमें ब्रिटेन के शामिल होने की कोई रुचि नहीं है। दरअसल अपने बयान में नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह ने कहा था कि भारत के साथ नेपाल का सीमा विवाद चूंकि ब्रिटिश काल से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसके समाधान के लिए ब्रिटेन को मदद करने के लिए आगे आना चाहिए।

**राजनीतिक संपर्क के तहत होती लामिछाने की यात्रा :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संस्थापक अध्यक्ष और राजनेता रवि लामिछाने की भारत यात्रा से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि दोनों देशों के राजनीतिक दलों के बीच संपर्क और संबंध दोनों बने हुए हैं। यह संपर्क लगातार चलता रहता है। इसी क्रम में रवि लामिछाने का स्वदेश आगमन हुआ है और यहां उनकी कुछ उच्च स्तरीय मुलाकातें हो रही हैं। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ भी आरएसपी अध्यक्ष ने मुलाकात की है।

### हरियाणा में अनाज...

लगभग 25 प्रतिशत है। इस समय हरियाणा में 66 लाख मीट्रिक टन अनाज भंडारण की क्षमता है जिसे 130 लाख एमटी तक बढ़ाने की आवश्यकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न के नुकसान पर रोक लगाने के लिए कवर्ड स्टोरेज के निर्माण, कोल्ड स्टोरेज की क्षमता बढ़ाने और उपलब्ध संसाधनों का उचित इस्तेमाल करने की कार्ययोजना बनाई जाए। सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय के साथ पीपीपी मोड में 20 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाए ताकि अनाज को खराब होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनाज, बागवानी फसलों, सब्जियों तथा फलों के उचित भंडारण के लिए अगले 5 साल के भीतर एक ऐसी कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा जिससे उत्पादित खाद्यान्न का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### इबोला के...

और सप्लीमेंट शामिल हैं) की पहली खेप भेजी गई थी। यह सामग्री कंपाला (युगांडा की राजधानी) पहुंच गई है। मामले को लेकर अफ्रीकी संघ आयोग की तरफ से भारत से मदद को लेकर अनुरोध किया गया था। जिसके बाद यह तमाम जरूरी चिकित्सा सहायता अफ्रीकी महाद्वीप के देशों को भेजी गई है। जिसके जरिए इबोला से बचाव को लेकर अफ्रीकी सीडीसी की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी तैयारियों और क्षेत्रीय प्रतिक्रिया क्षमताओं को भी सशक्त बनाया जा रहा है। मालूम हो कि इबोला वायरस की चुनौती के सामने आने के तुरंत बाद हाल ही में भारत की मेजबानी में नई दिल्ली में होने वाले भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के आयोजन को भी स्थगित कर दिया गया है। आगामी समय में दोनों पक्षों की सहमति के साथ किसी नई तारीख पर यह सम्मेलन होगा।

**दूसरी खेप में भेजी 43 टन सामग्री :** मामले पर अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) द्वारा नई दिल्ली को मिली चिकित्सा सामग्री की विस्तृत जानकारी के बाद दूसरी खेप में कुल 43 टन चिकित्सा सामग्री भेजी गई है। जिसमें प्रोटेक्टिव गियर, वायरस की जांच, निगरानी के उपकरण, सैंपल को ले जाने वाली किट, संक्रमण से बचाव के लिए सप्लाई, दवाएं और अन्य जरूरी सप्लीमेंट मुख्य रूप से शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह दूसरी खेप 2 जून को कंपाला पहुंच जाएगी और इसे अफ्रीका सीडीसी को सौंप दिया जाएगा।

**अफ्रीकी पक्षों से संपर्क में भारत :** मंत्रालय ने बताया कि भारत का यह सहयोग इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करता है कि वह अफ्रीकी देशों के साथ अपनी साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। जिसमें महाद्वीप में जन स्वास्थ्य की परिस्थितियों के बीच की जाने वाली प्रतिक्रिया में सहयोग प्रदान किया जाना भी शामिल है। भारत के अदीस अबाबा और कंपाला में मौजूद राजनयिक मिशन अफ्रीकी संघ आयोग और अफ्रीकी सीडीसी के साथ बेहद करीब से संपर्क में बने हुए हैं। जिससे वायरस के बचाव को लेकर जारी उनके प्रयासों में मदद की जा सकेगी।

### पूर्व जज गिरिबाला....

को परेशान कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जबलपुर में एक वकील ने समर्थ के साथ मारपीट की थी। इस पर संबंधित वकील ने कहा कि घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे और पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड है। सुनवाई के दौरान गिरिबाला सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई मीडिया ट्रायल करवा रही है। उन्होंने कहा कि एजेंसी उन्हें घर से सीधे ले जा सकती थी, लेकिन जानबूझकर सार्वजनिक तरीके से कार्रवाई की गई। इस पर अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मामले से जुड़े वीडियो और अन्य सामग्री देखी जा चुकी है। रिमांड के दौरान दोनों आरोपियों से कई चरणों में विस्तृत पूछताछ की गई। जांच एजेंसी ने घटना, पारिवारिक संबंधों और अन्य पहलुओं पर सवाल किए। हालांकि समर्थ और गिरिबाला सिंह ने अपने ऊपर लगे प्रताड़ना, मारपीट और साक्ष्यों से छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया है। दोनों का कहना है कि ट्विशा के साथ उनके संबंध सामान्य थे। अगले चरण में सीबीआई ट्विशा के परिजनों, दोस्तों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ करेगी।

**बेल्ट जांच अधिकारी की कार में थी :** जांच के दौरान एक अहम तथ्य सामने आया है। जिस लिगेचर बेल्ट के सहारे ट्विशा शर्मा फंदे पर लटकी मिली थीं, उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत तत्काल सुरक्षित नहीं किया गया। आरोप है कि बरामद बेल्ट को दो दिन तक जांच अधिकारी की निजी कार में रखा गया और उसे तुरंत एफएसएल नहीं भेजा गया। यह भी दावा किया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के दौरान बेल्ट को एम्स अस्पताल में जमा नहीं कराया गया था। साक्ष्य संरक्षण में कथित लापरवाही के इन आरोपों ने जांच प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सीबीआई इन पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

**आम कैदियों से अलग रहेंगी गिरिबाला :** जेल भेजे जाने की प्रक्रिया के दौरान गिरिबाला सिंह के वकील ने अदालत में आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की। आवेदन में कहा गया कि न्यायिक सेवा के दौरान गिरिबाला सिंह ने कई महत्वपूर्ण फैसले सुनाए थे, जिनसे जुड़े कुछ लोग जेल में बंद हो सकते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। अदालत ने जेल प्रशासन को आवश्यक सुरक्षा और अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### देश की 42 उत्कृष्ट...

पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें 34 ग्राम पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार तथा 8 पंचायतों को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**पुरस्कार विजेता पंचायतें साझा करेंगी अपने अनुभव :** समारोह के दौरान पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतों के प्रमुख अपने क्षेत्रों में किए गए नवाचारों, विकास कार्यों और सफल मॉडलों की प्रस्तुति भी देंगे। इसके अलावा पुरस्कार विजेता पंचायतों की उपलब्धियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर आधारित एक ई-बुक तथा पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने से जुड़ी श्रेष्ठ पहल का एक संकलन भी जारी किया जाएगा।

**किन आधारों पर दिए जाते हैं पुरस्कार? :** दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार उन ग्राम पंचायतों को दिया जाता है जिन्होंने सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जुड़े नौ प्रमुख विषयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। इनमें गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल हितैषी पंचायत, जल संरक्षण, स्वच्छता, हरित विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। वहीं नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर समग्र प्रदर्शन के आधार पर दिए जाते हैं। इस श्रेणी में देश की सर्वश्रेष्ठ पंचायतों का चयन किया जाता है।

**17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पंचायतों का चयन :** इस वर्ष 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की पंचायतों को राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया है। पुरस्कार विजेता पंचायतों को उनकी श्रेणी के अनुसार 50 लाख रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। यह राशि पंचायतों को विकास कार्यों और स्थानीय शासन को और मजबूत बनाने के लिए दी जाती है।

**पहले भी दिए जा चुके हैं विशेष पुरस्कार :** इससे पहले 24 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 की विशेष श्रेणियो में क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवार्ड, आत्मनिर्भर पंचायत स्पेशल अवार्ड और पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार प्रदान किए थे। कल होने वाले समारोह में शेष श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**ग्रामीण भारत के विकास का राष्ट्रीय मंच :** पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों का उद्देश्य पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, स्थानीय स्तर पर सुशासन को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत एवं समावेशी विकास के सफल मॉडलों को राष्ट्रीय पहचान देना है। यह पहल पंचायतों को ₹विकसित भारत 2047₹ के लक्ष्य की दिशा में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।

### आरएसपी के अध्यक्ष...

नेपाल के बीच के घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिनकी जड़ें साझा सभ्यतागत विरासत, सांस्कृतिक बंधनों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों में निहित हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातचीत लोकतांत्रिक संवाद को मजबूत करने और बीजेपी तथा आरएसपी के बीच पार्टी-स्तरीय जुड़ाव को गहरा करने में मदद करती है। नवीन ने बीजेपी की यात्रा, विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और राजनीतिक जुड़ाव के प्रति उसके जन-केंद्रित दृष्टिकोण के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी के संगठनात्मक मॉडल को समझाया और जमीनी स्तर पर लोगों के साथ सीधा और निरंतर संपर्क बनाए रखने में भाजपा कार्यकर्ताओं के महत्व पर जोर दिया। बातचीत के दौरान, आरएसपी प्रतिनिधिमंडल भाजपा की सदस्यता प्रक्रिया, उम्मीदवारों के चयन की प्रणाली और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की पहचान करने तथा उनसे जुड़ने की पार्टी की कार्यप्रणाली के बारे में जानने को उत्सुक था। नवीन ने उनके सवालों के जवाब दिए और समझाया कि किस तरह भाजपा की संगठनात्मक ताकत निरंतर जनसंपर्क, बूथ-स्तरीय जुड़ाव और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से निर्मित होती है। दोनों नेताओं ने राजनीति में '**Gen Z**' (नई पीढ़ी) की बढ़ती भूमिका और क्षमता पर भी चर्चा की, विशेष रूप से लोकतांत्रिक भागीदारी, सार्वजनिक विमर्श और भविष्य के नेतृत्व को आकार देने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी मुख्यालय स्थित भाजपा मीडिया सेंटर और केंद्रीय पुस्तकालय का भी दौरा किया।

### डीआरडीओ, वायुसेना...

**परीक्षण से प्रदर्शित हुई देश की क्षमता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण में शामिल सभी भागीदार पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि इसने देश की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों की बढ़ती परिपक्वता, विश्वसनीयता और क्षमता को प्रदर्शित किया है। यह उपलब्धि उन्नत हथियार प्रणालियों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ाएगी। साथ ही यह हमारी रक्षा तैयारियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने भी परीक्षण में शामिल समूची टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### इमारत अनुसंधान ...

केंद्र, मिसाइल प्रणाली गुणवत्ता आश्वासन एजेंसी और कई अन्य उद्योगों ने भी मदद प्रदान की है।

### वेनेजुएला से होगा...

**पहले आईबीसीए में करनी थी भागीदारी :** पूर्व में वेनेजुएला की राष्ट्रपति को 1 जून को नई दिल्ली की मेजबानी होने वाले वैश्विक सम्मेलन 'अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस' (आईबीसीए) में भागीदारी करनी थी। लेकिन अफ्रीका में फैली इबोला वायरस की चुनौती की वजह से यह सम्मेलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिसे देखते हुए अब राष्ट्रपति रोड्रिगेज की यह यात्रा 3 जून से हो रही है।

**भारत की होगी छठी यात्रा :** यह पहला मौका नहीं है। जब वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज भारत की यात्रा पर आ रही हैं। इससे पहले वह कुल पांच बार भारत यात्रा कर चुकी हैं। जिसमें सबसे पहले वर्ष 2015 में उन्होंने वेनेजुएला की विदेश मंत्री के रूप में भारत की यात्रा की थी। उसके बाद 2019, 2023, 2024 और पिछले साल 2025 में वह वेनेजुएला की बतौर उप-राष्ट्रपति के रूप में भारत यात्रा पर आई थीं। इस लिहाज से देखें तो यह उनका छठा दौरा होगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तुषार कुमार** पुत्र श्री विजेंद्र सिंह, निवासी मकान नं. बी–97, भूतल, खिड़की गांव, मालवीय नगर, नई दिल्ली और बी–97, भूतल, डीडीए फ्लैट्स, पंचशील विहार, नई दिल्ली, स्थायी पताः ग्राम भोपाल गढ़ी, थाना अकराबाद, जिला अलीगढ़ (उ.प्र.) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 691/2023 धारा 363/366/376 भा.द.स. और 6 पोक्सो एक्ट, थाना नेब सराय, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तुषार कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तुषार कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 691/2023 धारा 363/366/376 भा.द.स. और 6 पोक्सो एक्ट, थाना नेब सराय, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **तुषार कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अनुज कुमार सिंह,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एफटीएससी) (पोक्सो)**
**(दक्षिण), कमरा नं. 605,**
**साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली**

DP/7327/SD/2026



## आर ओ एफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड

आम जनता से, सेक्टर–07, सोहना में 11.11875 एकड़ के किफायती ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र लाइसेंस संख्या/वर्षः 2024 का 182, दिनांकः 10–12–2024 में आवासीय अपार्टमेंट के पहले ई–ड्रॉ की बुकिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस प्रोजेक्ट का नाम "Antares by ROF" है (HARERA द्वारा पंजीकृत, संख्या – 2026 का 29, दिनांक – 13.04.2026), जिसे मेसर्स आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह विकास कार्य हरियाणा सरकार के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या पीएफ–27/48921 दिनांक 19.08.2013 के माध्यम से निर्धारित नीति के नियमों और शर्तों के अनुसार किया जा रहा है, जिसमें समय–समय पर संशोधन भी किए गए हैं (विवरण विभाग की वेबसाइट, यानी tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)।

**परियोजना विवरण**

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, बिल्डिंग नं. 80, सेक्टर–44, दूसरी मंजिल, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 |
| 2. परियोजना की स्वीकृति | लाइसेंस नं./वर्षः 182 ऑफ 2024 दिनांकः 10–12–2024, ज्ञापन संख्या–ZP-2059/JD(RA)/2025/39819 दिनांकः 15–10–2025, के माध्यम से भवन योजना स्वीकृत। रेरा संख्याः 29 ऑफ 2026 दिनांकः 13–04–2026 |
| 3. स्थान | सेक्टर–07, सोहना, गुरुग्राम |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र | 11.11875 एकड़ में कुल 1891 इकाइयां शामिल हैं, जिनमें से 383 फ्रीज की गई इकाइयां हैं। अब 1508 इकाइयों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। सामुदायिक सुविधाएः 411.182 वर्ग मी. या 4425.963 वर्ग फुट का सामुदायिक हॉल और 411.182 वर्ग मी. या 4425.963 वर्ग फुट का आंगनवाड़ी–सह–शिशु–गृह। |

5. अपार्टमेंट के विवरण, आबंटन दरें और भुगतान की शर्तें: **कालीन क्षेत्र पर मूल बिक्री मूल्य– कर को छोड़कर रु. 5450/– प्रति वर्ग फुट (अतिरिक्त बालकनी लागत / रु. 1300/– प्रति वर्ग फुट कर को छोड़कर)**

अपार्टमेंट विवरण

| श्रेणी (प्रकार) | कालीन क्षेत्र वर्ग फुट (लगभग) | बालकनी/छत क्षेत्र वर्ग फुट (लगभग) | इकाइयों की संख्या | अपार्टमेंट के आवंटन की दर (कर को छोड़कर) | आवेदन बुकिंग राशि 5% के साथ | आवंटन पर 20% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 बीएचके – प्रकार ए (एमक्यू के तहत 75 यूनिट) | 644.516 | 409.462 | 88 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| 3 बीएचके – प्रकार बी | 644.516 | 205.377 | 17 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| 3 बीएचके– प्रकार सी | 644.516 | 122.978 | 1403 | 36,42,614 | 1,75,630.61 | 7,28,523 |
| | | | 1508 | | | |

निर्माण से जुड़ी भुगतान योजना के अनुसार किश्तों में राशि का 75% शेष भुगतान की नियत तारीख से पहले कोई ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान में किसी भी चूक पर विलंबित अवधि पर हरियाणा भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण, नियम 2017 के नियम 15 में दिए गए अनुसार दंडात्मक ब्याज लगेगा।

| | |
|---|---|
| 6. पार्किंग | **उक्त परियोजना केवल दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस** |
| 7.अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश | **फर्शः** लिविंग/डाइनिंग, बेडरूम/रसोई/शौचालय/बालकनी – विट्रिफाइड और एंटीस्किड सिरेमिक टाइल्स, **दीवार की फिनिशः** ओबीडी के साथ प्लास्टर, **रसोईः** मार्बल/ग्रेनाइट काउंटर और ओबीडी/बैलेंस क्षेत्र में कलर वॉश के साथ 2 फीट तक की ऊंचाई की टाइल्स/सिरेमिक टाइल्स, स्लैब प्लेटफॉर्म, सिंगल बाउल एसएस सिंक, **दरवाजे का फ्रेम/दरवाजेः** पेंटेड लकड़ी/एमएस/फ्लश डोर/स्किन डोर/फाइबर डोर के साथ फाइबर डोर फ्रेम, **खिड़कियांः** पाउडर कोटेड एल्यूमीनियम या यूपीवीसी/एनोडाइज्ड फ्रेम खिड़कियां, **बाथरूमः** 7 फीट तक ऊंचाई फिनिश दीवार पर सिरेमिक टाइल्स, डब्ल्यूसी और वॉशबेसिन के साथ सीपी फिटिंग और फिक्स्च, **विद्युत** – आईएसआई मार्क, वायरिंग, स्विच/सॉकेट के लिए उत्पा, **सामान्य क्षेत्र फर्शः** कोटा पत्थर/पेवर्स/मार्बल **सुरक्षाः** गेटेड कॉम्प्लेक्स। |
| 8. आवेदन समयरेखा | आवेदन पत्र https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर पंजीकरण करके ऑनलाइन भरा जाएगा। शुरुआत की तिथिः **28.05.2026**, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 16.06.2026 |

**योग्यताः**

1. आवेदक को किसी भी मौजूदा कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से रोका नहीं गया होना चाहिए।
2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है; हालाँकि, PMAY लाभार्थियों (जिनमें उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं) को, जिन्हें हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास' कार्यक्रम के तहत पहचाना है, आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। पहली प्राथमिकता उस संबंधित शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को दी जाएगी, जिसके बाद हरियाणा राज्य के अन्य PMAY लाभार्थियों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके बाद, बाकी बचे फ्लैटों के लिए, उन व्यक्तियों (जिनमें उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं) को आवंटन में अगली प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके पास हरियाणा के किसी भी शहरी क्षेत्र, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश (UT) या दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCT) में किसी भी HUDA विकास कॉलोनी/सेक्टर या किसी भी लाइसेंस्ड कॉलोनी में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है।
3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत सफल होने वाला कोई भी आवेदक, इस नीति के अंतर्गत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनियों में सफल होता है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट रखने का विकल्प होगा।

**आवंटन मानदंडः**

1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा के कैडर के), वरिष्ठ नगर योजनाकार (सर्किल कार्यालय), संबंधित जिले के डीटीपी और संबंधित उपनिवेशक के प्रतिनिधि की उपस्थिति में लॉट के ई–ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।
2. लॉट के ई–ड्राव की तारीख तय करने के बाद, डेवलपर द्वारा आवेदकों को लोट के ड्रॉ की तारीख/समय और स्थान के बारे में जानकारी देते हुए एक विज्ञापन जारी किया जाएगा, जो उन समाचार पत्रों में जारी किया गया था, जिनमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था।
3. जांच और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय–सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में अधिसूचित विवरणों को भी देख सकते हैं, जो दिनांक 19.08.2013 को क्रमांक पीएफ–27/48921 है और उसके संशोधन (विभाग की वेबसाइट, यानी tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध है।.)।

**नोटः यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त कॉलोनी की भवन योजना को ज्ञापन संख्या ZP-2059/JD (RA)/2025/39819 दिनांक 15.10.2025, लाइसेंस संख्या 182/2024 दिनांक 10.12.2024 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। दिनांक 07.01.2026 का पर्यावरण मंजूरी (ईसी) संख्या EC24B3812HR5852407N और दिनांक 26.02.2026 और स्थापना के लिए सहमति (सीटीई) ज्ञापन संख्या HSPCB/Consent/:12074107426GUSOCTE136711517 दिनांक 26.02.2026 सक्षम अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया है। परियोजना दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात, प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस, जैसा कि किफायती आवास नीति दिनांक 19.08.2013 और संशोधन दिनांक 04.01.2021 के अनुसार पहले से ही उक्त भवन योजनाओं में अनुमोदित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि कारपेट क्षेत्र पर संशोधित आवंटन दर को दिनांक 08.04.2026 की संशोधित नीति के अनुसार माना जाएगा।**

**नोटः किसी भी परियोजना के पहले के ड्रॉ के सफल आवेदकों के सरेंडर/वापस लिए गए आवेदकों को इस नोटिस के प्रकाशन के 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन दाखिल करने से पहले एसटीपी कार्यालय, गुरुग्राम में स्थिति को अपडेट करना होगा।**

**स्थानः गुरुग्राम, हरियाणा संपर्क नंबरः +91-124-4399399**



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style



# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ*



*नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*

***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया।*

*नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियन: अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियन: अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से



जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियन: अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉड्र्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

इंजीनियरों की लापरवाही, करोड़ों की गड़बड़ी

# सड़क बनाने के नाम पर 120 करोड़ से ज्यादा की गड़बड़ी पर 3 अधीक्षण यंत्रियों सहित 9 इंजीनियरों को शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की राजधानी भोपाल में व्हाइट टॉपिंग सड़कों के निर्माण में करीब 90 करोड़ की गड़बड़ी और इंजीनियरों की लापरवाही सामने आई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी परफार्मेंस गांरटी की आड़ में 120 करोड़ से अधिक की सड़कों के निर्माण में 3 अधीक्षण यंत्रियों से 9 इंजीनियरों को सरकार ने शोकॉज नोटिस थमाया गया है। सबसे ज्यादा गड़बड़ी भोपाल की सड़कों को लेकर सामने आया है। राजधानी भोपाल में पत्रकार भवन से बिड़ला मंदिर वल्लभ भवन, विंध्याचल, सतपुड़ा होते हुए भोपाल हाट बाजार तक 3 सड़कों के संयुक्त मंजूरी 19 करोड़ से अधिक की दी गई थी, जबकि परफारमेंस गारंटी 31 दिसंबर 2026 तक होने के बाद भी इन सड़कों के निर्माण के लिए ठेका जारी कर दिया गया। इसी के तहत मंत्रालय तिराहे से शिवाजी चौराहे ठंडी सड़क 3 मार्गो के लिए 19 करोड़, मंत्री बंगला क्रमांक-1 से 8 तक पहुंच मार्ग स्मार्ट पार्क से आकाशवाणी चौराहा तक 7.7 करोड़, पॉलिटेक्निक चौराहे से राजभवन तिराहा तक 4.72 करोड़, पॉलिटेक्निक चौराहा से मुख्यमंत्री निवास गेट नंबर-2 तक 3.18 करोड़, एसबीआई चौराहे से करबला मार्ग तक 3.50 करोड़, वन विहार मार्ग से वन विहार गेट-1 तक 9 करोड़, छींद पहुंच मार्ग संभाग रायसेन में 5.11 करोड़ की मंजूरी व्हाइट टॉपिंग सड़कों का निर्माण कराने दी गई, जबकि पूर्व में स्वीकृत सड़कों के ठेके परफारमेंस गारंटी में बनाई गई थी। इस मामले में लापरवाही बरतने की वजह से भोपाल राजधानी परियोजना मंडल-1 एवं-2 के तत्काली अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार को शोकॉज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

## ग्वालियर के फोरलेन में गड़बड़ी



गांधी रोड ग्वालियर फोरलेन मार्ग की लंबाई 3.20 किमी के व्हाइट टॉपिंग कार्य के लिए 13.56 करोड़ की प्रशासकीय मंजूरी तत्कालीन कार्यपालन यंत्री ओमहरि शर्मा ने दिए जाने पर इन्हें भी सरकार ने शोकॉज जारी किया है। इस फोरलेन मार्ग का संधारण परफारमेंस गारंटी में कराने की जगह नए टेंडर जारी कर शर्मा की ओर से गंभीर लापरवाही बरती गई। वहीं मंदसौर के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री आदित्य सोनी ने करीब 4 करोड़ से अधिक के व्हाइट टॉपिंग के कार्य कराया, जबकि उक्त सड़क परफारमेंस अवधि में निर्मित करानी थी। इसके अलावा राजधानी परियोजना भोपाल के कार्यपालन यंत्री एसआर पर्ते ने पत्रकार भवन से बिड़ला मंदिर, वल्लभ भवन, सतपुड़ा होते हुए हाट बाजार तक सड़क निर्माण के लिए 19.02 करोड़ का टेंडर जारी कर दिया, जबकि इस सड़क का काम भी परफारमेंस गारंटी अवधि में होना था। इस तरह इन इंजीनियरों द्वारा गंभीर लापरवाही बरतने और वित्तीय अनियमिताओं के चलते शोकॉज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर सभी से जवाब मांगा है।

### इन इंजीनियरों को भी दिया गया शोकॉज नोटिस

रायसेन के कार्यपालन यंत्री ने छींद पहुंच मार्ग के व्हाइट टॉपिंग निर्माण में परफारमेंस गारंटी के बावजूद 5.11 करोड़ का ठेका जारी कर दिया गया, जबकि परफारमेंस गारंटी अवधि में यह काम पुराने ठेकेदार से कराना था। कार्यपालन यंत्री द्वारा पुनः नवीन काम व्हाइट टॉपिंग का प्रस्ताव भेजा जाना वित्तीय अनिमितता की श्रेणी में माना गया है। ग्वालियर के तत्कालीन अधीक्षण यंत्री एके जैन को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इन्होंने भी परफारमेंस गारंटी में काम नहीं कराते हुए 13.55 करोड़ का टेंडर जारी किया। नर्मदापुरम के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री सुभाष पाटिल ने 111 लाख का प्रस्ताव सीई को भेज दिया, जबकि काम परफारमेंस अवधि में होने के बावजूद त्रुटिपूर्ण जांच कर रिपोर्ट भेजी गई।

राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में 150 पद स्वीकृत

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत कंपनी के लिए 140 से अधिक पद स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत गठित की गई राज्य स्तरीय कंपनी एवं सात सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के संगठनात्मक महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं पदों की स्वीकृति संचालक मंडल ने दी है। इन कंपनियों में प्रभावशील रहने वाले सेवा भर्ती नियम-2026 की भी स्वीकृति संचालक मंडल की ओर से प्रदान की गई है। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी मप्र यात्री परिवहन एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में 7 विभाग कार्य करेंगे।

संचालक मंडल की बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे, कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा एवं आयुक्त नगर निगम इंदौर क्षितिज सिंघल वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की होगी नियुक्ति**



प्रतीकात्मक चित्र

### सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे

इसमें प्रमुख रूप से आईटी एवं आईटीएमएस विभाग, प्लानिंग एवं अनुबंध विभाग, पॉलिसी विभाग एवं अनुसंधान, मानव संसाधन एवं विधि विभाग, अधोसंरचना विभाग, प्रवर्तन एंव गुणवत्ता विभाग तथा बिजनेस डेवलपमेंट विभाग कार्य करेंगे। सभी विभागों के प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक रहेंगे। इन पदों पर भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के साथ अन्य तकनीकी विशेषज्ञों को लिया जा सकेगा। इस होल्डिंग कंपनी में प्रतिनियुक्ति, संविदा और संविलयन के आधार पर पदों की भर्ती की जा सकेगी। राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी में कुल 140 पद उच्च प्रबंध श्रेणी, वरिष्ठ प्रबंध श्रेणी एवं कनिष्ठ प्रबंध श्रेणी में स्वीकृत किए गए हैं।

### बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टैंड तक हो सकेगी

राज्य परिवहन उपक्रम के तहत संचालित होने वाली इन बसों की आवाजाही प्रदेश के सभी आईएसबीटी एवं बस स्टैंड तक हो सकेगी। इस प्रकार एक राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी एवं 7 सहायक क्षेत्रीय कंपनियों में कुल 1190 पद विभिन्न विभागों में सृजित करने की स्वीकृति संचालक मंडल की ओर से प्रदान की गई है। इसमें चरणबद्ध तरीके से आगामी 4 वर्षों तक पदों को भरा जाएगा।

### विभाग का युक्तियुक्त निर्णय

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के मार्गों में आने वाली बस सेवा एवं जन-सुविधाओं को संबंधित कलेक्टर एवं नगरीय निकायों के माध्यम से आमजन के लिए व्यवस्थित किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे को भी निर्देशित किया।

### एआरटीओ सहित सात निरीक्षकों का तबादला, राजेश गुप्ता बने आरटीओ रायसेन

**भोपाल।** मप्र सरकार ने सोमवार को परिवहन विभाग के एआरटीओ सहित सात निरीक्षक के ट्रांसफर किए हैं। आदेश सोमवार को शाम जारी किया गया है। इसमें सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी मुरैना अर्चना परिहार को सहायक क्षेत्रीय संभागीय उप परिवहन अधिकारी मुरैना बनाया गया है तो वहीं सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी इंदौर राजेश गुप्ता को आरटीओ रायसेन बनाया गया है। इसी तरह परिवहन निरीक्षक निवाड़ी राजेन्द्र सोनी को आरटीओ भिंड बनाया गया। सहायक क्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी रायसेन जगदीश सिंह भील को आरटीओ श्योपुर बनाया गया। परिवहन उप निरीक्षक मंदसौर मीनाक्षी गोखले को मुरैना परिवहन उप निरीक्षक बनाया गया।

**सुरक्षा व प्रवर्तन अमले के लिए भी पद किए गए स्वीकृत**

राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के अधीन 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में कुल 150 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी सहायक कंपनियां एक कार्यकारी संचालक के अधीन होंगी। सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के अधीन संचालित होने वाली बसों की सुरक्षा एवं सुविधा और प्रवर्तन अमले के लिए भी पद स्वीकृत किए गए हैं। इसमें पुलिस एवं विशेष सशस्त्र बल से अधिकारी-कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर अथवा हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारियों को संविदा पर लिया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

# महिलाओं और बच्चों का कल्याण पहली प्राथमिकता लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी और जबावदेही करें सुनिश्चित
- पोषण स्तर सुधार की गतिविधियों में विभिन्न विभाग मिलकर करें कार्य
- निजी अस्पतालों और संस्थाओं का भी लिया जाए सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक जन भागीदारी और जवाबदेही तय की जाए। बच्चों और महिलाओं में पोषण स्तर को बेहतर करने के लिए संचालित गतिविधियों में स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित निजी अस्पतालों और संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह निर्देश सोमवार को मंत्रालय में हुई महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### कामकाजी महिलाओं के लिए पीपीपी मोड पर हॉस्टल बनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन औद्योगिक इकाइयों में महिला कर्मियों की संख्या अधिक है, उन इकाइयों में कामकाजी महिलाओं के लिए पीपीपी मोड पर हॉस्टल निर्माण की कार्ययोजना बनाई जाए। बैठक में बताया गया कि देवास, नर्मदापुरम, झाबुआ और सिंगरौली में वर्किंग वुमेन हॉस्टल का निर्माण शुरू हो गया है। प्रताड़ित महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने के लिए पांढुर्णा, मऊगंज, मैहर, पेटलावद-झाबुआ, इंदौर के लसूड़िया, सांवेर एवं धार के मनावर और पीथमपुर में वन स्टॉप सेन्टर स्वीकृत किए गए हैं।

### 5 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया विद्यारंभ समारोह

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 5 से 6 आयु वर्ग के 9 लाख 28 हजार बच्चों के लिए विद्यारंभ आयोजित कर उन्हें विद्यारंभ प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया और बच्चों का शाला में सुगम प्रवेश सुनिश्चित किया गया। प्रदेश के इस नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सराहना मिली है। बाल देखरेख संस्थाओं की ओर से मुख्यमंत्री खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के आयोजन की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

### सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन में मप्र देश में अग्रणी

बैठक में बताया गया कि सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन के तहत प्रदेश में एक साथ 12 हजार 670 मिनी केंद्रों को मुख्य आंगनबाड़ी के रूप में उन्नत कर मप्र देश में अग्रणी बना है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जनवरी 2024 से मई 2026 तक प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक पात्र बहनों को 47 हजार 775 करोड़ रुपए से अधिक की मासिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत मई 2026 तक 15 लाख 84 हजार बालिकाओं का पंजीयन कर 537 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति वितरित की गई।

### कर चोरी रोकने वाणिज्यिक कर विभाग के इन्फॉर्मेशन मॉड्यूल का शुभारंभ

**भोपाल।** वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से शुरू किए गए इंफॉर्मेशन मॉड्यूल से वित्तीय चोरी को रोका जा सकेगा। इसका लाभ प्रदेश को राजस्व वृद्धि में मिलेगा। उप मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों को इंफोर्मेशन मॉड्यूल के निर्माण और शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि मॉड्यूल की बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएं। देवड़ा ने कहा कि राज्य में कर अपवंचन की रोकथाम, राजस्व संग्रहण में वृद्धि तथा नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इन्फॉर्मेशन मॉड्यूल विकसित किया गया है। यह मॉड्यूल कर चोरी, फर्जी बिलिंग, बिना बिल के व्यापार, अवैध गोदाम, कर संबंधी अनियमितताओं एवं अन्य संदिग्ध गतिविधियों की सूचना सीधे विभाग तक सुरक्षित एवं सरल माध्यम से उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान करेगा।

### के2 इंफ्राजेन लिमिटेड ने 26% राजस्व वृद्धि के साथ विकास को दी मजबूती

**गुरुग्राम ।** अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर और कोर इंजीनियरिंग कंपनी के2 इंफ्राजेन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बेहतर प्रोजेक्ट एक्सीक्यूशन, ऑपरेशनल एफिशिएंसी में सुधार और प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स में मजबूत ऑर्डर बुक के दम पर कंपनी ने शानदार प्रदर्शन दर्ज किया।वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू ₹18,467.61 लाख रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के ₹14,661.19 लाख की तुलना में 25.96% अधिक है। वहीं, ऑपरेशनल रेवेन्यू और अन्य आय को मिलाकर कंपनी की कुल आय वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर ₹18,892.12 लाख पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष के ₹14,853.29 लाख के मुकाबले 27.19% की वृद्धि दर्शाती है।वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का EBITDA 33.29% बढ़कर ₹2,707.10 लाख पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में ₹2,031.05 लाख था। यह कंपनी की बेहतर ऑपरेशनल परफॉर्मेंस को दर्शाता है। वहीं, एक्सेप्शनल गेन को छोड़कर कंपनी का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (PAT) ₹1,332.95 लाख रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के ₹1,164.55 लाख की तुलना में 14.46% अधिक है।के2 इंफ्राजेन ने डेब्टर डेज़ में भी 15.17% का सुधार दर्ज किया, जो बेहतर कलेक्शन एफिशिएंसी और मजबूत वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट को दर्शाता है। इसके अलावा, कंपनी के नेट कैश फ्लो फ्रॉम ऑपरेशंस में 60.58% का सुधार हुआ, जबकि कैश और कैश इक्विवेलेंट्स में पिछले वर्ष के मुकाबले 170.51% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह कंपनी की मजबूत लिक्विडिटी और बेहतर वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की कुल आय बढ़कर ₹18,892.12 लाख पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष में ₹14,853.29 लाख थी। इस दौरान EBITDA 33.29% बढ़कर ₹2,707.10 लाख रहा, जबकि एक्सेप्शनल गेन को छोड़कर प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (PAT) 14.46% बढ़कर ₹1,332.95 लाख दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष में PAT ₹1,164.55 लाख था।

सिंहस्थ-2028: हर जिले में अगले 7 महीने तक 6-6 दिन के विशेष प्रशिक्षण सत्र

# मध्यप्रदेश पुलिस का सबसे बड़ा ट्रेनिंग मिशन आरंभ इस वर्ष दिसंबर तक 20 बैंचों में होगा हर जवान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंहस्थ-2028 को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने आज से अपना सबसे व्यापक प्रशिक्षण अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले में अगले 7 महीने तक 6-6 दिन के विशेष प्रशिक्षण सत्र चलेंगे। पहले चरण में 22 अप्रैल से 15 मई तक उज्जैन पुलिस लाइन में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' कार्यक्रम चला। इसमें जिलों से चुने गए अफसरों-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर बनाया गया। डीआईजी कानून व्यवस्था तरूण नायक ने बताया कि अब यही मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर पुलिस बल को ट्रेन करेंगे। 01 जून से दिसंबर तक कुल 20 बैच चलेंगे। हर बैच में जिला पुलिस बल, एसएएफ, रेडियो, विशेष शाखा, पुलिस ट्रेनिंग संस्थान और नगर सेना के जवान शामिल होंगे। मकसद साफ हैः सिंहस्थ में ड्यूटी देने वाला एक भी जवान बिना ट्रेनिंग के न रहे।

### सुविधाओं पर जोर

पीएचक्यू ने साफ निर्देश दिए हैं कि हर ट्रेनिंग सेंटर में आवास, भोजन, पानी, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, कूलर की पूरी व्यवस्था हो। हर बैच खत्म होने पर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी ताकि ट्रेनिंग की गुणवत्ता परखी जा सके। सिंहस्थ-2016 के अनुभवों को आधार बनाकर इस बार पुलिस दो साल पहले ही जमीनी तैयारी में जुट गई है।

### सालों से जमे पुलिसवालों को हटाने की प्रक्रिया शुरू, 6 जून तक एसपी भेजेंगे रिपोर्ट



**भोपाल।** प्रदेशभर के थानों से लेकर रेंज और जोन से लेकर पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं में 4 साल से ज्यादा समय से जमे पुलिस वालों को हटाने की रिपोर्ट 1 जून से आनी शुरू हो गई है। इस बारे में डीजीपी के सख्त निर्देश हैं कि पुलिस की छवि सुधारने और काम में पारदर्शिता लाने के लिए सालों से जमे पुलिसवालों को हटाने के साथ ही जिलों के एसपी को पालन प्रतिवेदन भेजना अनिवार्य है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने एक ही थाने में 4 साल से ज्यादा समय से जमे पुलिसवालों को तत्काल बदलने के साथ ही एक ही थाने में दोबारा पोस्टिंग में कम से कम 3 साल का अंतराल रखने के निर्देश दिए हैं। इस बारे में 6 जून तक हटाने के आदेश जारी करके पीएचक्यू को सूचित करना अनिवार्य होगा।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that the document bearing original Conveyance Deed executed between **M/s Forever Buildtech Limited. (formerly known as M/s Forever Buildtech Private Limited)**, a company registered under the Companies Act, 1956, having its registered office at 13th Floor, Dr. Gopal Dass Bhawan, Barakhamba Road, New Delhi, and Jyoti Raghav, D/o M.S. Raghav, executed on 17-04-24 and registered at Tehsil Harsaru, Gurugram has been lost/ misplaced and is not traceable.

The Report of the same has been lodged at Police Station dated 02-05-24 vide FIR No. 132270462600535.

Any person(s) finding the aforementioned document or having any information regarding its whereabouts is requested to contact 9311144624, at Tower-A, Signature Tower, South City 1, Gurugram, Haryana.

Any person(s) dealing with the aforementioned document shall do so at their own risk and responsibility.

For & on behalf of
M/s Forever Buildtech Ltd.
CIN No: U70109DL2012PLC241744
Date: 28-05-26
Place: Gurugram

### एनआईआईटी फाउंडेशन-आरसीडीजीसी ने शुरू किया कौशल विकास कार्यक्रम



**नई दिल्ली ।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गार्डन सिटी (आरसीडीजीसी) ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ मिलकर मई 2023 में नई दिल्ली के साउथ एक्सटेंशन में एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया था। इस पहल का उद्देश्य वंचित युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना, आजीविका के अवसर बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायता करना है।पिछले तीन वर्षों में इस सेंटर में 12वीं पास 199 युवाओं का नामांकन हुआ। इनमें से 126 छात्रों ने सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी की, जबकि 13 छात्र अभी भी ट्रेनिंग ले रहे हैं। ट्रेनिंग पूरी करने वाले छात्रों में से 97 को एनसीआर क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेस और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) सेक्टर की कंपनियों में रोजगार मिला।इस कार्यक्रम की एक खास बात यह रही कि इसने छात्रों को सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें अपनी रुचि और सपनों के अनुरूप करियर चुनने के लिए भी प्रेरित किया। करीब 30 छात्रों ने टीचिंग, मेहंदी आर्टिस्ट, ग्राफिक डिजाइनिंग और अपना बिजनेस शुरू करने जैसे क्षेत्रों को चुना और आज वे अपने पसंदीदा क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।कौशल विकास कार्यक्रम के परिणामों से यह बात स्पष्ट है कि तकनीकी और प्रोफेशनल स्किल्स के साथ-साथ युवाओं के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को मजबूत करना भी उतना ही जरूरी है।

जनचौपाल में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

# बीजापुर के सुदूर ग्राम कोंडापल्ली पहुंचे सीएम साय, ग्रामीणों से किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बीजापुर जिले के सुदूर ग्राम कोण्डापल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने जनचौपाल में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना है। सरकार स्वयं गांव-गांव पहुंचकर यह सुनिश्चित कर रही है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं। साथ ही लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है या नहीं। जनचौपाल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरित किए गए। वनाधिकार मान्यता पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम कार्ड, किसान हितग्राही योजनाओं सहित विभिन्न विभागों से जुड़े लाभार्थियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



### जरूरतमंद तक समय पर पहुंचे योजना का लाभ

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी है जब जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर उसका लाभ पहुंचे। जनचौपाल में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सुदूर और नक्सल प्रभावित क्षेत्र के इस गांव में मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने सीएम का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार मुख्य मंत्री के विशेष सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क रजत बंसल , कलेक्टर विश्वदीप पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला तथा पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ऋषभ उर्फ बेलोरा, पुत्रः सुंदर लाल, निवासीः क्यू 4/3, 100 क्वार्टर टैंक रोड, यूनानी कॉलेज, करोल बाग, दिल्ली, और मकान संख्या 4–1794, मंगोल पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 022987/2022, U/s: 379/411/34 IPC, पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ऋषभ उर्फ बेलोरा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ऋषभ उर्फ बेलोरा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **ऋषभ उर्फ बेलोरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निशात बनगढ़
एल.डी. जेएमएफसी–01, कमरा नंबर 180,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7133/CD/2026

चिंतन

# सरकार को परीक्षा तंत्र मजबूत करना ही होगा

देश के जेन जेड पर अपराधियों की बुरी नजर है। ये अपराधी येन-केन प्रकारेण युवाओं को भड़काना चाहते हैं। सीबीएसई, सीयूईटी-यूजी और नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई है। इसमें सरकार को भी क्लीन चिट नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह भी इन परीक्षाओं को लेकर पूरी तैयारी से बुरी तरह चूकी है। कुछ एथिकल हैकर्स ने कमियों को उजागर भी किया है। इसके बाद सतर्क सरकार ने सभी परीक्षाओं के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। करोड़ों छात्र-छात्राएं हर वर्ष विभिन्न बोर्ड, प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से अपने भविष्य की दिशा तय करते हैं। ऐसे में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता केवल शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय विकास का भी प्रश्न है। हाल के वर्षों में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं को लेकर सामने आई गड़बड़ियों, पेपर लीक, तकनीकी बाधाओं और साइबर हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के परीक्षा तंत्र को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी तथा तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की जरूरत है। सीबीएसई में 12वीं के री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) को लेकर सीबीएसई का पोर्टल सोमवार को शुरू नहीं हो पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आईआईटी दिल्ली और कानपुर के साइबर एक्सपर्ट ने पूरे दिन मेहनत कर पोर्टल को मंगलवार को शुरू किया। काफी हैरानी की बात है कि पोर्टल के चालू होते ही इस पर 2 मिनट में ही 15 लाख एक्सेस अटेंप्ट हुए, जबकि 1 लाख से ज्यादा बार सिस्टम की फाइलों तक बिना अनुमति पहुंचने की कोशिश की गई। इस तरह के प्रयास बताते हैं कि कुछ बाहरी शक्तियां सीबीएसई के पोर्टल को चलने ही नहीं देना चाहती थी। यानी ये शक्तियां किसी भी तरह से जेन जेड को व्यवस्था के प्रति भड़काना चाहती हैं, ताकि युवा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर जाएं और मोर्चा खोल दें। हाल ही में कथित तौर पर अमेरिका में बने एक इंटाग्राम ग्रुप के इरादे भी जग जाहिर हो चुके हैं। केंद्र सरकार द्वारा सीबीएसई में प्रशासनिक स्तर पर किए गए बदलाव और ओएसएम प्रक्रिया की जांच के लिए समिति का गठन जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम माना जा सकता है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि परीक्षा प्रणाली की संपूर्ण समीक्षा की जाए और तकनीकी, प्रशासनिक तथा कानूनी स्तर पर व्यापक सुधार लागू किए जाएं। सबसे पहले, सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षा संस्थाओं के लिए एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। नियमित सुरक्षा ऑडिट, एथिकल हैकिंग परीक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी और डेटा सुरक्षा के आधुनिक उपाय अनिवार्य किए जाने चाहिए। दूसरा, परीक्षा संचालन से जुड़े प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में तथ्य तुरंत सार्वजनिक किए जा सकें। तीसरा, पेपर लीक, साइबर हमले और परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। सरकार को गड़बड़ियों को हर हाल में रोकना होगा और परीक्षा तंत्र को मजबूत करना ही होगा, ताकि साल भर मेहनत कर रहे होनहारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसा कोई मौका अपराधियों को न दें, जिससे परीक्षाओं की शुचिता पर सवाल उठे और सालभर मेहनत करने वाले युवाओं का सिस्टम से भरोसा उठे, इसलिए सरकार को पूरे परीक्षा तंत्र को मजबूत बनाना ही होगा।



विश्लेषण
राजेश जैन

# बदलते भारत-नेपाल संबंधों की कहानी

भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों।भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी।

दक्षिण एशिया की राजनीति में भारत और नेपाल का रिश्ता सबसे अनोखा, जटिल और सबसे भावनात्मक रिश्तों में से एक माना जाता है। दुनिया में बहुत कम ऐसे पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच सीमाएं भी खुली हों और समाज भी इतने गहरे स्तर पर जुड़े हों। भारत और नेपाल का संबंध केवल दो सरकारों का संबंध नहीं है; यह सदियों से साझा संस्कृति, धर्म, भाषा, व्यापार, परंपराओं और मानवीय रिश्तों का जीवंत उदाहरण रहा है, लेकिन यही रिश्ता समय-समय पर अविश्वास, राष्ट्रवाद, सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की वजह से तनावपूर्ण भी हो जाता है। हाल के दिनों में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के एक बयान ने फिर यही सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर भारत-नेपाल संबंध बार-बार सीमा विवाद और राजनीतिक असहजता के मोड़ पर क्यों पहुंच जाते हैं। बालेन शाह ने नेपाली संसद में कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली भूमि पर अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा कर रखा है। इस बयान के बाद नेपाल की संसद में हंगामा मच गया। विपक्ष ने उनसे सबूत मांगे, विदेश मंत्रालय को सफाई जारी करनी पड़ी और सोशल मीडिया पर तीखी बहस शुरू हो गई। पहली नजर में यह एक सामान्य राजनीतिक बयान लग सकता है, लेकिन वास्तव में यह उस गहरे बदलाव का संकेत है जो पिछले कुछ वर्षों में भारत-नेपाल संबंधों में दिखाई दे रहा है। यह केवल सीमा विवाद का मामला नहीं है। इसके पीछे राष्ट्रवाद, भू-राजनीति, चीन की बढ़ती भूमिका, नेपाल की नई राजनीतिक सोच और भारत की पारंपरिक पड़ोसी नीति से जुड़ी कई परतें मौजूद हैं। भारत और नेपाल का रिश्ता आधुनिक सीमाओं से कहीं पुराना है। नेपाल के लाखों नागरिक भारत में शिक्षा प्राप्त करते हैं, रोजगार करते हैं और व्यापार से जुड़े हैं। भारतीय शहरों में नेपाली समुदाय सहज रूप से घुला-मिला दिखाई देता है।

भारत की सेना में गोरखा रेजिमेंट का गौरवपूर्ण इतिहास दोनों देशों के भरोसे और साझेदारी का प्रतीक रहा है। खुली सीमा ने इस रिश्ते को और विशेष बनाया है। दुनिया के अधिकांश देशों के विपरीत भारत और नेपाल के नागरिक बिना वीजा और पासपोर्ट के एक-दूसरे के यहां आ-जा सकते हैं। यही वजह है कि भारत-नेपाल संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक संबंध भी हैं। राजनीतिक तनाव पैदा हो सकते हैं, लेकिन जनता के स्तर पर अपनापन अक्सर बना रहता है। भारत-नेपाल संबंधों की आधुनिक संरचना काफी हद तक 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि पर आधारित है। इस संधि का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग, व्यापार और नागरिक आवाजाही को आसान बनाना था। उस समय चीन में कम्युनिस्ट क्रांति और हिमालयी क्षेत्र की बदलती भू-राजनीति को देखते हुए भारत नेपाल को अपनी सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा मानता था। इस संधि ने नेपाल को भारत के साथ विशेष आर्थिक और सुरक्षा संबंध दिए। व्यापार, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े। लेकिन समय के साथ नेपाल में यह धारणा मजबूत होने लगी कि यह संधि बराबरी के आधार पर नहीं बनी थी। नेपाल के कई राजनीतिक दल और बुद्धिजीवी इसे "असमान संधि" बताते रहे हैं। भारत इस संधि को सुरक्षा और रणनीतिक



सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मानता है, जबकि नेपाल इसे अपनी संप्रभुता और स्वतंत्र विदेश नीति से जोड़कर देखता है। यही कारण है कि संधि की पुनर्समीक्षा की मांग समय-समय पर उठती रहती है। भारत और नेपाल के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा सीमा विवाद का है। कालापानी, लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और सुस्ता जैसे क्षेत्रों को लेकर दोनों देशों के दावे अलग-अलग हैं। यह विवाद 2020 में सबसे ज्यादा उभरा, जब भारत ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया। इसके जवाब में नेपाल ने संविधान संशोधन कर नया नक्शा पारित किया, जिसमें कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया। नेपाल में इसे राष्ट्रीय अस्मिता का मुद्दा बना दिया गया। सड़कों पर प्रदर्शन हुए और भारत विरोधी भावना तेज हो गई। भारत इन क्षेत्रों को अपनी रणनीतिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है क्योंकि ये चीन सीमा के बेहद करीब स्थित हैं। बालेन शाह का हालिया बयान भी इसी राजनीतिक वातावरण की उपज माना जा रहा है। उन्होंने ब्रिटेन की संभावित भूमिका का जिक्र कर नया विवाद खड़ा कर दिया। भारत हमेशा सीमा विवादों को द्विपक्षीय तरीके से सुलझाने की नीति पर कायम रहा है, इसलिए नेपाल की ओर से तीसरे पक्ष का संकेत नई दिल्ली के लिए असहज करने वाला था। भारत-नेपाल संबंधों को अब चीन के बिना समझना संभव नहीं है। पिछले एक दशक में चीन ने नेपाल में तेजी से अपना प्रभाव बढ़ाया है। सड़क, रेल, हाइड्रोपावर और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में चीन का निवेश लगातार बढ़ रहा है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत नेपाल को चीन एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। वह चीन के साथ आर्थिक और राजनीतिक संबंध बढ़ाकर भारत के प्रभाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है। नेपाल की राजनीति में भी चीन की भूमिका पहले से कहीं अधिक सक्रिय दिखाई देती है। भारत के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। नई दिल्ली हमेशा नेपाल को अपनी उत्तरी सुरक्षा नीति का अहम हिस्सा मानती रही है। खुली सीमा और हिमालयी भूगोल के कारण भारत नहीं चाहता कि कोई बाहरी शक्ति नेपाल में अत्यधिक प्रभाव स्थापित करे। भारत-नेपाल संबंधों में 2015 का वर्ष एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। नेपाल ने नया संविधान लागू किया, जिसका मधेशी समुदाय ने विरोध किया। मधेश आंदोलन के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर आपूर्ति बाधित हो गई। नेपाल में यह धारणा बनी कि भारत ने "अनौपचारिक नाकेबंदी" की है।

हालांकि भारत ने हमेशा कहा कि यह समस्या सीमा पर चल रहे आंदोलन की वजह से थी, लेकिन नेपाल में भारत विरोधी भावना तेजी से बढ़ी। दूसरी ओर सुरक्षा चुनौतियां भी कम नहीं हैं। खुली सीमा अवसर भी देती है और जोखिम भी पैदा करती है। नकली मुद्रा, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए सीमा के दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। दोनों देशों के बीच खुफिया सहयोग और सुरक्षा समन्वय लंबे समय से चलता रहा है, लेकिन राजनीतिक अविश्वास कई बार इस सहयोग को प्रभावित करता है। दोनों को यह समझना होगा कि 21वीं सदी की राजनीति केवल ऐतिहासिक निकटता के भरोसे नहीं चल सकती। नेपाल बराबरी और सम्मान चाहता है। भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन इस पूरे समीकरण में अपनी जगह मजबूत करना चाहता है। ऐसे में दोनों देशों को संवाद और विश्वास आधारित संबंधों की नई संरचना विकसित करनी होगी। 1950 की संधि की पुनर्समीक्षा पर खुली बातचीत हो सकती है। सीमा विवादों के समाधान के लिए स्थायी तंत्र बनाया जा सकता है। शिक्षा, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और युवा सहयोग को नई प्राथमिकता दी जा सकती है।

( लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व साइकिल दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# पर्यावरण-स्वास्थ्य संकट के दौर में बढ़ा साइकिल का महत्व

आज विश्व साइकिल दिवस है। हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला यह खास दिन साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने वाली जन-जागरूकता लाने से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2018 में पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के साइकिल के इस्तेमाल को रेखांकित करने हेतु यह घोषित किया गया था। वहीं 2022 में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए साइकिलों को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के एक अभिन्न अंग के तौर पर शामिल किया गया। तकलीफदेह है कि इन्सानों और पर्यावरण, दोनों स्वस्थ रखने वाली साइकिल, सुविधाजनक जीवनशैली की चाह में आम जीवन से दूर हो गई है। जबकि परिवहन के इस सरल, किफायती और स्वच्छ साधन से दूर होना प्रकृति और इंसानी मन-जीवन दोनों पर भारी पड़ रहा है। यही वजह है कि यह दिन वैश्विक स्तर पर लोगों को दैनिक यात्रा में प्रदूषण घटाने और सक्रिय जीवन शैली के लिए साइकिल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। विचारणीय है कि आज देश और दुनिया में छाये ऊर्जा संकट के बीच साइकिल की सवारी बेहद अहम हो गई है। इतना ही नहीं, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार करने वाली साइकिल बढ़ती व्याधियों के चलते भी उपयोगी हो चली है। साथ ही पर्यावरण के मोर्चे पर दमघोटू होती हवा, ट्रैफिक जाम और पर्यावरण असंतुलन से तापमान और ठंड में असहनीय बढ़ोतरी को देखते हुए साइकिल सवासरी की ओर फिर लौटना आवश्यक है। ध्यातव्य है कि विश्व साइकिल दिवस 2026 का विषय भी 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' है। यह विषय पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और सतत परिवहन को बढ़ावा देने में साइकिल की भूमिका पर केंद्रित है। लाजिमी भी है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी जीवन का जोखिम बनने वाली समस्याओं का व्यावहारिक समाधान साइकिल का उपयोग करना ही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभकारी साइकिल चलाने को महत्वपूर्ण माना जाता है। डब्लूएचओ शारीरिक गतिविधि बढ़ाने, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों को कम करने और वायु- ध्वनि प्रदूषण घटाने के लिए साइकिल के उपयोग बढ़ावा देता है। साइकिलिंग को शिक्षा, ऊर्जा, रोजगार, शहरों और असमानताओं सहित कई सतत विकास लक्ष्यों की उपलब्धि के सूत्रधार के रूप में मान्यता भी देता है। असल में स्वास्थ्य से जुड़ी चिंतनीय स्थितियों के बीच साइकिल का उपयोग बहुत मददगार साबित हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किए सर्वेक्षण के अनुसार भारत में मोटापे से ग्रस्त आबादी के आंकड़े बढ़ रहे हैं।वर्ष 2023-24 में 30.7 प्रतिशत महिलाएं और 27.3 प्रतिशत पुरुष मोटापे से ग्रस्त पाए गए हैं।सर्वेक्षण में सामने आया है कि वयस्कों में शरीर का वजन ही नहीं, ब्लड शुगर भी बढ़ रहा है। समझना कठिन नहीं शारीरिक निष्क्रियता इसका अहम कारण है।

परंपरागत जीवनशैली वाले भारतीय समाज में साइकिल बच्चों की प्यारी और पसंदीदा सवारी रही है। बदलती जीवनशैली के चलते बच्चे भी इससे दूर हुए हैं। इसी के चलते कम उम्र में ही मोटापा घेर रहा है। इस मामले में वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस-2026 की रिपोर्ट भी चेताने वाली है। रिपोर्ट में बच्चों में मोटापे के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर चुनौती बना मोटापा बच्चों में डायबिटीज, हृदय रोग और दूसरी जानलेवा व्याधियों का जोखिम बढ़ा रहा है। विचारणीय हैं कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए भी नागरिकों को साइकिल की सवारी को प्राथमिकता देनी चाहिए। साइकिल का उपयोग ऊर्जा संकट का तो सबसे प्रभावी हल है। यह सीधे-सीधे पेट्रोल, डीजल और बिजली पर निर्भरता को कम करता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। पैदल चलने और साइकिल चलाने जैसी गतिविधियां संयुक्त रूप से 2034 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को लगभग 37 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता रखती है। ऐसे में साइकिल का इस्तेमाल वायु गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण और आथिक बेहतरी से भी जुड़ा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग 55 प्रतिशत भारतीय घरों में साइकिल मौजूद होने के बावजूद इसके इस्तेमाल के प्रति उदासीनता का भाव है। आवश्यक है कि यह दिन साइकिल रेलियों, दिवस विशेष से जुड़े आयोजनों और जन-जागरूकता अभियानों तक ही ना सिमटे। आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और प्रकृति की बेहतरी से जुड़ी साइकिल की सवारी को आम जीवन में जगह दें ।

( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# संस्कार क्या है?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्व में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछा- मां मैं बहुत बलवान हूं, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोली- बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और मां से बोला- मां मैं इसका बदला लूंगा। मां ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुंचाए, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली। एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्व पर ले गया। युद्व लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया। इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछा- मां आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्व के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोली- बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी मां का ही तो अंश है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। - *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# अफगान में महिला शिक्षाविदों का भविष्य अंधकारमय


कल्पना कीजिए कि आपने अपना करियर बनाने में दशकों लगा दिए हैं। आपके पास मास्टर डिग्री है। आपने सैकड़ों विद्यार्थियों को पढ़ाया है। आप हर सुबह उद्देश्य और उत्साह के साथ अपने कार्यस्थल पहुंचती हैं। फिर रातोंरात आपके लिए संस्थान के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। आपको बता दिया जाता है कि अब आप वापस नहीं आ सकतीं। ऐसा किसी गलती की वजह से नहीं हुआ, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि आप एक महिला हैं। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद पूरे अफगानिस्तान में महिला शिक्षाविदों के साथ यही हुआ। हमने 12 अफगान महिला शिक्षाविदों से बातचीत की। इनमें से आठ उस समय अफगानिस्तान में थीं, जबकि चार हाल ही में देश छोड़ चुकी थीं। जो महिलाएं अफगानिस्तान में थीं, उनमें से केवल एक ही बाद में देश छोड़ने में सफल हुई। बाकी सभी अब भी वहीं हैं। उन्होंने जो कुछ हमें बताया, वह बेहद पीड़ादायक था। जब तालिबान ने 1996 से 2001 के बीच पहली बार अफगानिस्तान पर शासन किया था, तब महिलाओं को शिक्षा और कई प्रकार के रोजगार से वंचित कर दिया गया था। अमेरिका के नेतृत्व वाले हस्तक्षेप के बाद स्थिति धीरे-धीरे सुधरी।



## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची- लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।




## ट्रेंड

### 'वंदे भारत' ट्रेन

आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का प्रतीक बन चुकी स्वदेशी 'वंदे भारत' ट्रेन, जो सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, देश के विकास की एक जीवंत तस्वीर पेश करती है।

**-जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### अग्निवीर योजना

केंद्र सरकार द्वारा भारतीय सेना में अग्निवीर योजना लागू किए जाने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं। अग्निवीर योजना के कारण कई युवाओं के सपने और आकांक्षाएं आहत हुई हैं, जिससे उनमें निराशा का माहौल पैदा हो गया है।

**-सुखविंदर सिंह सुक्खू,** सीएम, हिमाचल प्रदेश



### कानून-व्यवस्था का पतन

पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एशियाई खेलों के लिए चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्य चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के पतन का प्रतीक है।

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



### झारखंड शराब घोटाला

झारखंड शराब घोटाला महज भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण में चलाया जा रहा एक संगठित आर्थिक अपराध है। शराब माफियाओं और सत्ता में बैठे लोगों के करीबी लोगों की मिलीभगत से जनता की कमाई को खुलेआम लूटा गया।

**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले अन्नामलाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव संगठन बीएल संतोष तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। भाजपा छोड़ने की अटकलों के बीच अन्नामलाई की इन मुलाकातों को बेहद अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार अन्नामलाई ने पार्टी नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप दिया है और साथ ही तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर पांच पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट भी दी है। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से किसी नई पार्टी की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि अन्नामलाई जल्द ही एक नए राजनीतिक मंच की शुरुआत कर सकते हैं।

दिल्ली में इस तरह की भी चर्चाएं हैं कि अन्नामलाई के इस्तीफे की खबरें गलत हैं और आज रात को भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन अन्नामलाई से दूसरे दौर की वार्ता करेंगे उसके बाद तमिलनाडु में प्रेस वार्ता के माध्यम से अन्नामलाई अपने अगले कदम की जानकारी देंगे। सूत्रों के अनुसार अन्नामलाई अब एक ऐसे राजनीतिक मंच की तैयारी कर रहे हैं जो तमिल पहचान और राष्ट्रीय सोच दोनों को साथ लेकर चले। उनके करीबी लोगों का कहना है कि यह नया मंच युवाओं, पेशेवरों और पहली बार राजनीति में आने वाले लोगों को अवसर देगा। बताया जा रहा है कि वह पहले एक जनआंदोलन शुरू करेंगे और बाद में उसे राजनीतिक दल का रूप दिया जा सकता है। उनके सामाजिक नेतृत्व अभियान 'वी द लीडर्स' को भी इसी दिशा में एक मजबूत आधार माना जा रहा है।

गौरतलब है कि अन्नामलाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि वह दो दिनों के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। उनके इस बयान ने अटकलों को और तेज कर दिया है। मदुरै और कोयंबटूर जैसे शहरों में उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए पोस्टरों में उनसे तमिलनाडु को बचाने के लिए नया अवतार लेने की अपील की गई है। माना जा रहा है कि चार जून को अपने जन्मदिन पर वह कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

बता दें कि पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई ने बहुत कम समय में तमिलनाडु की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। जब उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया था, तब भाजपा राज्य में सीमित प्रभाव वाली पार्टी मानी जाती थी। लेकिन अन्नामलाई के आक्रामक जनसंपर्क अभियान, गांव गांव यात्राओं, युवा संवाद कार्यक्रमों और सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ ने भाजपा को नई ऊर्जा दी। उनके नेतृत्व में पार्टी की पहुंच दूरदराज के इलाकों तक बढ़ी और पहली बार बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा की ओर ध्यान देना शुरू किया।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अन्नामलाई की सबसे बड़ी ताकत उनका स्पष्ट और निर्भीक नेतृत्व है। उन्होंने हमेशा संगठन को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। बताया जा रहा है कि वह चाहते थे कि भाजपा तमिलनाडु में अपने बल पर चुनाव लड़े और केवल गठबंधन की राजनीति पर निर्भर न रहे।

### कृषि मंत्री शिवराज ने एक्शन के दिए निर्देश

# अल नीनो की आशंका, केंद्र अलर्ट किसान हितों की सुरक्षा सर्वोच्च

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दक्षिण-पश्चिम मानसून, संभावित अल नीनो प्रभाव, जल उपलब्धता, बीज व्यवस्था, फसल रणनीति और राज्यों की तैयारियों की मंगलवार को दिल्ली में विस्तृत समीक्षा की। इस उच्चस्तरीय बैठक में शिवराज सिंह ने निर्देश दिए हैं कि केंद्र के सभी संबंधित विभाग और राज्य सरकारें पूरी गंभीरता, समन्वय और अग्रिम योजना के साथ काम करें, ताकि किसी भी प्रतिकूल मौसमीय स्थिति में किसान को समय पर सलाह, उपयुक्त बीज, वैकल्पिक फसल विकल्प, नमी संरक्षण और जल प्रबंधन की सहायता मिल सके।

कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और संभावित अल नीनो प्रभाव को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। बैठक में मौसम पूर्वानुमान, जल उपलब्धता, फसलों की स्थिति, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था, राज्यों की तैयारियों और संभावित प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने की संभावना जताई है और मौसमी वर्षा देशभर में दीर्घकालीन औसत के लगभग 90 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साथ ही यह संकेत भी दिया गया कि मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, इसलिए केंद्र सरकार ने पहले से तैयारी तेज कर दी है और राज्यों को सतर्क मोड में रहने को कहा है। चौहान ने स्पष्ट किया कि मौसम संबंधी पूर्वानुमानों को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

### कर्नाटक के पूर्व मंत्री समेत 30 पर चार्जशीट

# 187 करोड़ का वाल्मीकि घोटाला लूट, रिश्वतखोरी का बड़ा खुलासा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने कर्नाटक के बहुचर्चित कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड धन गबन मामले की जांच पूरी कर ली है और 2 जून को सक्षम अदालत में तीन अलग-अलग आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिए हैं। इस मामले में तत्कालीन जनजातीय कल्याण मंत्री, उनके करीबी सहयोगी सहित कुल 30 लोगों को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई के अनुसार यह केवल 187 करोड़ का 'वाल्मीकि घोटाला': मंत्री बी. नागेंद्र समेत 30 पर सीबीआई की चार्जशीट, फर्जी खातों से धन की लूट और रिश्वतखोरी का बड़ा खुलासा वित्तीय घोटाला नहीं, बल्कि सरकारी धन की सुनियोजित लूट, बैंकिंग नियमों की अनदेखी, फर्जी कंपनियों और खातों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग तथा करोड़ों रुपए की रिश्वतखोरी का संगठित नेटवर्क था।

**कैसे शुरू हुई जांच?:** यह मामला मूल रूप से की बेंगलुरु स्थित एम.जी. रोड शाखा की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में बैंक के तीन अधिकारियों और अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर संदेह जताया गया था। मामले की जांच की निगरानी द्वारा नियमित स्टेटस रिपोर्ट के माध्यम से की जा रही थी। जांच के दौरान दो अन्य सरकारी संस्थाओं—जनजातीय कल्याण विभाग और से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के मामले भी सामने आए। इसके बाद 1 जुलाई 2025 को उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच का दायरा बढ़ाकर इन मामलों को भी शामिल करने का निर्देश दिया।

**फर्जी कंपनियां, नकली दस्तावेज और 18 बैंक खाते तार छग से जुड़े:** सीबीआई जांच में सामने आया कि तत्कालीन मंत्री बी. नागेंद्र, उनके सहयोगी नेक्कांति नागराज और कंपनी के तत्कालीन प्रबंध निदेशक पद्मनाभ जे.जी. ने मिलकर एक सुनियोजित साजिश रची। हैदराबाद के कारोबारी ने इस पूरे घोटाले को अंजाम देने में अहम भूमिका निभाई। जांच एजेंसी के अनुसार सत्यनारायण वर्मा पहले छत्तीसगढ़ में भी इसी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल रह चुका था। इनलोगों ने मिलकर फर्जी कंपनियों के नाम पर 18 बैंक खाते खुलवाए। इन खातों को खोलने के लिए नकली पंजीकरण प्रमाणपत्र और फर्जी केवीआईसी दस्तावेजों का उपयोग किया गया।

**हस्ताक्षर और मुहरें तक कर दी गईं नकली:** सीबीआई के मुताबिक निगम के एमडी और अकाउंट अधिकारी की नमूना हस्ताक्षर तथा संवेदनशील बैंकिंग जानकारी आरोपियों तक पहुंचाई गई। हैदराबाद में एक ग्राफिक डिजाइनर की मदद से एमडी और अकाउंट अधिकारी की नकली रबर स्टांप और सील बनबाई, जिनका इस्तेमाल फर्जी चेक और बैंकिंग दस्तावेज बनाने में किया। ग

**187 करोड़ जमा, 89.63 करोड़ गायब:** निगम के खाते में लगभग 187 करोड़ जमा किए गए थे। इनमें से 89.63 करोड़ फर्जी चेकों और आरटीजीएस लेनदेन के जरिए अवैध रूप से निकाल लिए गए। सीबीआई के अनुसार धन के स्रोत और गंतव्य को छिपाने के लिए इस रकम को लगभग 600 बैंक खातों के जरिए घुमाया गया।

### केंद्रीय मंत्री चौहान से असम के मुख्यमंत्री सरमा ने की मुलाकात

# असम के कृषि और ग्रामीण विकास के लिए फंड की कहीं कोई कमी नहीं होगी: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में राज्य से संबंधित विषयों पर बैठक की।

इस उच्च स्तरीय बैठक में असम में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में असम के कृषि और



ग्रामीण विकास के लिए फंड और संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने राज्य को कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मनरेगा तथा अन्य केंद्रीय योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए केंद्र सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एजेंडे पर सचिव रोहित कंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और मनरेगा प्रणाली की तकनीकी बाधाओं को पूरी तरह दूर कर दिया गया है। मनरेगा के तहत असम सरकार की मांग के अनुरूप राशि आवंटित की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 1 जुलाई से देशभर में मनरेगा की जगह विकसित भारत-रोज़गार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) लागू किया जाएगा। बैठक में असम सरकार द्वारा चाय बागान (टी-गार्डन) श्रमिकों को भूमि का मालिकाना हक (पट्टा) प्रदान किए जाने के ऐतिहासिक कदम की सराहना की गई।

### जयराम रमेश ने लगाए आरोप

# छग और मप्र सरकार पेसा और वन अधिकार कमजोर कर रही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी महासचिव (संचार) ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अनुसूचित क्षेत्रों से जुड़े कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि इन राज्यों में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 और वन अधिकार कानून (फेरा), 2006 के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों की भूमिका को संस्थागत रूप दिया जा रहा है, जिससे इन कानूनों की मूल भावना और लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर हो सकता है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जयराम रमेश ने कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों ने पेसा और एफआरए के क्रियान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है, जबकि ओडिशा भी जल्द ही ऐसा करने वाला तीसरा राज्य बन सकता है।

**ग्राम सभा की भूमिका कमजोर करने का आरोप:** कांग्रेस नेता का आरोप है कि संसद द्वारा पारित दोनों कानूनों के क्रियान्वयन का आधार स्थानीय ग्राम सभाओं को अधिकार देना है, लेकिन नए टास्क फोर्स मॉडल के जरिए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। जयराम रमेश उन्होंने कहा कि संघ से संबद्ध संगठन इन कानूनों के प्रावधानों, विशेषकर ग्राम सभा की भूमिका से जुड़े अधिकारों को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रहा है। पेसा, एफआरए दोनों ही लंबे जन आंदोलनों और आदिवासी समुदायों के संघर्षों का परिणाम हैं। इन कानूनों की भावना, अधिकार संरचना को टास्क फोर्स से बदलने का प्रयास चिंताजनक है।

**खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप**

रमेशने आरोप लगाया कि इन टास्क फोर्स के गठन का एक बड़ा प्रभाव वन क्षेत्रों में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के रूप में सामने आ सकता है। उनका कहना है कि आदिवासी और वन क्षेत्रों में खनन कंपनियों के लिए रास्ता आसान बनाया जा सकता है, जबकि पर्यावरणीय और पारिस्थितिकीय चिंताओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे बड़े कॉरपोरेट समूहों को लाभ मिल सकता है। अपने बयान में उन्होंने विशेष रूप से ₹मोदानी साम्राज्य₹ का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से सबसे अधिक फायदा ऐसे औद्योगिक समूहों को हो सकता है।

**क्या है पेसा और एफ़आरए:** पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) , 1996 का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों को स्थानीय शासन और संसाधनों के प्रबंधन में अधिक अधिकार देना है। यह कानून ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं, भूमि अधिग्रहण और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। कानून का उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वनवासियों को उनके पारंपरिक वन अधिकारों की कानूनी मान्यता देना है। इसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकारों का प्रावधान किया गया है।

# पुलिस उपायुक्त कार्यालय
## शाहदरा जिला, दिल्ली

टेलीफोन: 011-21210803 • ई–मेल: drridhima.sethi1@delhipolice.gov.in

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों और वस्तुओं को धारा 66 डी.पी. अधिनियम, 1978 के तहत शाहदरा जिला, दिल्ली के पुलिस थानों द्वारा जब्त कर लिया गया है।

अब, दिल्ली पुलिस अधिनियम–1978 की धारा 67(i) के तहत परिकल्पित दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित सूची में 120 वाहनों और 18 वस्तुओं को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति जिसका इस पर दावा हो, वह इस उद्घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करने के लिए स्वामित्व के प्रमाण के साथ शाहदरा जिला, दिल्ली के संबंधित सहायक पुलिस आयुक्त के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

**थाना शाहदरा जिला द्वारा दिनांक 01.08.2024 से 31.03.2026 तक धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | पुलिस स्टेशन का नाम | डीडी नं. | दिनांक | रजिस्ट्रेशन न. | इंजन नं. | चेसिस नं. | मेक/मॉडल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विवेक विहार | 55A | 4/1/25 | DL7SCD 6734 | 14215 | 14118 | एक्टिवा |
| 2. | विवेक विहार | 11A | 3/7/25 | DL5SDJ 6901 | 71111 | 09885 | एक्सट्रीम 125 |
| 3. | विवेक विहार | 38A | 24/9/25 | DL4SBX 0002 | 36843 | 34582 | जुनून प्रो |
| 4. | विवेक विहार | 32A | 11/12/25 | DL14SS 8813 | 42173 | 32455 | स्पेलेंडर |
| 5. | विवेक विहार | 81A | 21/3/25 | DL7SBU 3233 | 73164 | 54951 | पैशन प्रो |
| 6. | विवेक विहार | 119A | 2/1/25 | DL13SX 6951 | - | - | स्कूटी |
| 7. | विवेक विहार | 129A | 20/3/25 | DL5SCL 7953 | - | - | मोटरसाईकल |
| 8. | विवेक विहार | 134A | 18/7/25 | DL5SBG 6482 | 55764 | 54434 | एक्टिवा |
| 9. | विवेक विहार | 114A | 27/7/25 | DL14SN 2502 | - | - | एक्सेस |
| 10. | विवेक विहार | 21A | 7/9/25 | DL2SQ7781 | 5928 | 56537 | एक्टिवा |
| 11. | विवेक विहार | 37A | 17/9/25 | DL7SBK1760 | 01398 | 19093 | प्लेटिना |
| 12. | विवेक विहार | 99A | 1/10/25 | DL7F BF9980 | - | - | स्कूटी |
| 13. | विवेक विहार | 111A | 11/9/25 | DL5SDD 4474 | 16698 | 16619 | स्कूटी |
| 14. | विवेक विहार | 49A | 4/1/26 | DL 5SAJ 6333 | 09101 | 09217 | मोटरसाईकल |
| 15. | विवेक विहार | 62A | 5/1/26 | DL 5SAS 1965 | 67559 | 27334 | एक्टिवा |
| 16. | विवेक विहार | 74A | 17/1/2026 | DL5SBL-6627 | 37603 | 12744 | स्पेलेंडर |
| 17. | विवेक विहार | 66A | 18/1/26 | DL 14SJ 8556 | 73924 | 74164 | एक्टिवा |
| 18. | विवेक विहार | 69A | 21/1/26 | DL 8SCA 0776 | 04783 | 39508 | यामाहा |
| 19. | विवेक विहार | 84A | 2/2/26 | DL3SDE 7256 | - | 41531 | टीवीएस ज्यूपिटर |
| 20. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | DL-13SR-1471 | - | - | एक्सेस |
| 21. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | UP-32-BK-9107 | - | - | खोज करना |
| 22. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | DL-3SAQ-9702 | - | - | यामाहा |
| 23. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | DL-5SAF-7939 | - | - | डिस्कवर |
| 24. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | DL-5SAS-2472 | - | - | एक्टिवा |
| 25. | फर्श बाज़ार | 106A | 02/09/2025 | HR-34B-9371 | - | - | डिस्कवर |
| 26. | फर्श बाज़ार | 95A | 09/09/2025 | DL-3SCK-9836 | - | - | एक्टिवा |
| 27. | गीता कॉलोनी | 52A | 19/12/2024 | DL-6SH-0887 | - | - | - |
| 28. | गीता कॉलोनी | 20A | 12/02/2025 | DL-13SH-6265 | - | - | - |
| 29. | गीता कॉलोनी | 38A | 28/02/2025 | DL-5SCK-8479 | - | - | - |
| 30. | गीता कॉलोनी | 72A | 26/12/2025 | DL-5SAS-0642 | - | - | - |
| 31. | गीता कॉलोनी | 40A | 11/12/2025 | DL-13SL-0716 | - | - | - |
| 32. | एम एस पार्क | - | 2523/24 | DL-5SAX-3446 | 35191 | 40909 | ज्यूपिटर |
| 33. | एम एस पार्क | - | 2531/24 | HR-P-9742 | - | 87215 | प्लेटिना |
| 34. | एम एस पार्क | - | 2541/24 | DL-135J-1405 | - | 08685 | पैशन प्रो |
| 35. | एम एस पार्क | - | 2551/24 | UP-DD-0196 | 25247 | 12072 | हीरो |
| 36. | एम एस पार्क | - | 2553/24 | PB-32M-6278 | 27235 | 58993 | स्पेलेंडर |
| 37. | एम एस पार्क | - | 2579/24 | DL-55BB-4805 | 87966 | 888403 | एक्टिवा |
| 38. | एम एस पार्क | - | 1986/25 | DL-10AB-8874 | 17645 | 17292 | एक्टिवा |
| 39. | एम एस पार्क | - | 1997/25 | DL-5SBB-5552 | 4545 | 3961 | हीरो होंडा |
| 40. | एम एस पार्क | - | 2006/25 | DL-13SX-8818 | - | 74794 | ज्यूपिटर |
| 41. | एम एस पार्क | - | 1890/26 | DL-9SAQ-5289 | 12127 | 16820 | पल्सर |
| 42. | एम एस पार्क | - | 1857/26 | DL-13SK-9760 | - | 13225 | स्पेलेंडर |
| 43. | शाहदरा | 102A | 15.09.24 | DL-5SAW-9293 | - | - | माइस्ट्रो ब्लैक कलर |
| 44. | शाहदरा | 140A | 16.09.24 | HR-51BD-7389 | - | - | एक्सेस स्कूटी |
| 45. | शाहदरा | 116A | 20.09.24 | DL-5SBW-6914 | - | - | हीरो इग्नाइटर |
| 46. | शाहदरा | 06A | 11.10.24 | DL-10AE-2049 | - | - | एक्टिवा |
| 47. | शाहदरा | 76A | 26.11.24 | DL-12SD-4614 | - | - | पैशन प्रो |
| 48. | शाहदरा | 135A | 26.11.24 | DL-14SA-9337 | - | - | एक्टिवा |
| 49. | शाहदरा | 52A | 17.12.24 | DL-3SCQ-3611 | - | - | एक्टिवा |
| 50. | शाहदरा | 55A | 17.02.25 | UP-13AV-4207 | - | - | एक्टिवा |
| 51. | शाहदरा | 34A | 14.03.25 | DL-8SCL-9942 | - | - | टीवीएस ज्यूपिटर |
| 52. | शाहदरा | 70A | 22.03.25 | DL-5BP-2830 | - | - | एक्टिवा |
| 53. | शाहदरा | 49A | 25.03.25 | DL-5SAR-6241 | - | - | टीवीएस ज्यूपिटर |
| 54. | शाहदरा | 133A | 17.04.25 | DL-6SAX-8219 | - | - | एक्टिवा |
| 55. | शाहदरा | 43A | 30.04.25 | DL-13SN-2994 | - | - | यामाहा FZ |
| 56. | शाहदरा | 34A | 01.05.25 | DL-5SBC-1865 | - | - | पैशन प्रो |
| 57. | शाहदरा | 52A | 04.05.25 | DL-7SBS-9940 | - | - | प्लेटिना |
| 58. | शाहदरा | 121A | 24.06.25 | DL-8SDE-4775 | - | - | स्प्लेन्डर |
| 59. | शाहदरा | 65A | 25.07.25 | DL-7SCD-5842 | - | - | पल्सर |
| 60. | शाहदरा | 26A | 04.10.25 | DL-6SAD-9072 | - | - | एक्टिवा |
| 61. | शाहदरा | 48A | 31.10.25 | DL-7SCB-5597 | - | - | जुपिटर |
| 62. | शाहदरा | 96A | 25.12.25 | DL-5SBX-4355 | - | - | एक्टिवा |
| 63. | शाहदरा | 12A | 26.02.26 | DL-5SCN-6337 | - | - | स्प्लेंडर (काला) |
| 64. | शाहदरा | 90A | 26.03.26 | DL-13SU-9384 | - | - | स्कूटी |
| 65. | आनंद विहार | 51-A | 14-01-25 | DL13SJ-7891 | 8901 | 6827 | मोटरसाइकिल |
| 66. | आनंद विहार | 84-A | 03-04-25 | DL5SBA-6325 | 6528 | 6134 | मोटरसाइकिल |
| 67. | आनंद विहार | 79-A | 22-04-25 | DL14SA-3007 | 08915 | 97921 | स्कूटर |
| 68. | आनंद विहार | 46-A | 18-05-25 | DL3SDG-8231 | 45380 | 55312 | स्कूटी |
| 69. | आनंद विहार | 73-A | 24-05-25 | DL13SG-7914 | 5190 | 10132 | मोटरसाइकिल |
| 70. | आनंद विहार | 106-A | 06-06-25 | DL5SBE-4931 | 5520 | 5498 | स्कूटी |
| 71. | आनंद विहार | 86A | 17/11/24 | DL5SBL-2808 | -23574 | -4334 | पैशन |
| 72. | आनंद विहार | 7-A | 03-08-25 | DL13SS-0533 | 59227 | - | स्कूटी |
| 73. | आनंद विहार | 14-A | 25-08-25 | DL14SX-3994 | - | 23160s | स्कूटी |
| 74. | आनंद विहार | 64A | 03/02/24 | DL7SBS-9624 | 89878 | 12867 | प्लैटिना |
| 75. | आनंद विहार | 17A | 18/05/24 | DL8SCW-0775 | 13414 | 14166 | मोटरसाइकिल |
| 76. | आनंद विहार | 129A | 30/09/24 | DL5SAF5522 | 72486 | 53398 | - |
| 77. | आनंद विहार | 59A | 22/09/24 | DL9SBD-6654 | 9746 | 0128 | स्कूटी एक्टिवा |
| 78. | आनंद विहार | 71A | 16/09/24 | DL7SBP-3102 | 9021 | 8840 | प्लैटिना |
| 79. | आनंद विहार | 64A | 16/12/24 | DL6SAQ-7420 | 7275 | 5880 | स्प्लेंडर |
| 80. | आनंद विहार | 93A | 20/11/25 | DL7SBM-5882 | 8928 | | एक्टिवा |
| 81. | कृष्णानगर | 102A | 4.10.24 | DL7SBF8611 | 564 | 23821 | स्कूटी/होंडा |
| 82. | कृष्णानगर | 134A | 18.10.24 | UP16CR1667 | 7956 | | स्प्लेंडर |
| 83. | कृष्णानगर | 96A | 19.10.24 | DL5SCG4916 | 1014 | 1046 | एनटॉर्क (NTORQ) |
| 84. | कृष्णानगर | 94A | 10.11.24 | DL14SC0502 | 3072 | 96091 | एक्टिवा |
| 85. | कृष्णानगर | 5A | 19.11.24 | DL7SAM3565 | 99132 | | एक्टिवा |
| 86. | कृष्णानगर | 91A | 11.11.24 | DL5SAT9164 | 28780 | 22729 | जुपिटर |
| 87. | कृष्णानगर | 72A | 02.01.25 | DL6SAW 6271 | 6472 | 6418 | एक्टिवा |
| 88. | कृष्णानगर | 29A | 16.01.25 | DL7SBR5676 | 1523955 | - | जुपिटर |
| 89. | कृष्णानगर | 62A | 21.02.25 | DL5SBD4104 | 88522 | 12989 | एविएटर (Aviator) |
| 90. | कृष्णानगर | 48A | 23.02.25 | DL13SH1355 | 46992 | 2926 | एक्टिवा |
| 91. | कृष्णानगर | 107A | 25.02.25 | DL14SV0318 | 463 | 10439 | एचएफ डीलक्स |
| 92. | कृष्णानगर | 78A | 26.02.25 | DL13SN6025 | 53007 | 92909 | यामाहा |
| 93. | कृष्णानगर | 48A | 27.02.25 | UP24J8526 | 38343 | 16552 | स्प्लेंडर |
| 94. | कृष्णानगर | 75A | 22.03.25 | DL5SBX0561 | 3850 | 94561 | एक्टिवा |
| 95. | कृष्णानगर | 68A | 24.03.26 | DL2SM9893 | 33378 | 87502 | शाइन |
| 96. | कृष्णानगर | 104A | 27.03.25 | DL14SB7149 | 14920 | 15282 | माएस्ट्रो (Maestro) |
| 97. | कृष्णानगर | 134A | 27.03.25 | DL5GD4131 | 8968 | 2134 | टीवीएस क्यूब |
| 98. | कृष्णानगर | 77A | 31.03.25 | DL7SBY7375 | 70606 | 70848 | एक्टिवा |
| 99. | कृष्णानगर | 34A | 06.04.25 | DL9SBA | 1065199 | JF219AC 8284 | - |
| 100. | कृष्णानगर | 133A | 08.04.25 | DL12SL6050 | 40049 | 40012 | एक्टिवा |
| 101. | कृष्णानगर | 85A | 13.04.25 | DL5SCM3789 | 56858 | 22187 | एनटॉर्क (NTORQ) |
| 102. | कृष्णानगर | 114A | 21.04.25 | DL7SBQ9097 | 2273 | 2460 | माएस्ट्रो (Maestro) |
| 103. | कृष्णानगर | 116A | 23.04.25 | DL13SM2958 | 11460 | 62116 | पैशन |
| 104. | कृष्णानगर | 88A | 04.05.25 | DL5SCT2509 | 15103 | 15180 | जुपिटर |
| 105. | कृष्णानगर | 102A | 12.05.25 | DL13SR1178 | 56631 | 74350 | एक्सेस (Access) |
| 106. | कृष्णानगर | 107A | 13.05.25 | DL13SG2600 | | C1478 | पैशन |
| 107. | कृष्णानगर | 112A | 22.05.25 | DL5SBD8880 | 38359 | 16633 | एविएटर (Aviator) |
| 108. | कृष्णानगर | 86A | 03.06.25 | DL6SAW4195 | 8119 | 8028 | एक्टिवा |
| 109. | कृष्णानगर | 62A | 05.06.25 | DL5SBE5086 | 1124465 | 124437 | एक्टिवा |
| 110. | कृष्णानगर | 33A | 08.06.25 | DL2CAE5983 | 8673 | 12944 | आई-10 (कार) |
| 111. | कृष्णानगर | 87A | 10.06.25 | UP14AR1502 | 33747 | 27890 | प्लैटिना |
| 112. | कृष्णानगर | 124A | 17.06.25 | DL5SAJ2183 | 12328 | 44776 | पैशन प्रो |
| 113. | कृष्णानगर | 46A | 22.07.25 | DL13SHH0777 | 9317 | 50137 | स्कूटी |
| 114. | कृष्णानगर | 104A | 23.07.25 | DL8SAY5671 | 82033 | 52039 | प्लैटिना |
| 115. | कृष्णानगर | 111A | 22.08.25 | UP14DU0569 | 10717 | - | एनटॉर्क (NTORQ) |
| 116. | कृष्णानगर | 70A | 20.09.25 | DL8SCQ3681 | 83860 | 39373 | एक्सेस |
| 117. | कृष्णानगर | 122A | 26.09.25 | DL7SBX3565 | 6773 | 5873 | पैशन प्रो |
| 118. | कृष्णानगर | 11A | 12.10.25 | DL6SAX6741 | 95915 | 95841 | एक्टिवा |
| 119. | कृष्णानगर | 63A | 30.12.25 | DL14SA1623 | 48107 | 47955 | एक्टिवा |
| 120. | कृष्णानगर | 77A | 28.07.25 | DL5SCX4996 | 1238 | L03122 | जुपिटर |

**थाना शाहदरा जिला द्वारा दिनांक 01.08.2024 से 31.03.2026 तक धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र.सं. | पुलिस स्टेशन | डीडी नं. | दिनांक | वस्तु का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एम एस पार्क | 1992/25 | | दो लोहे के पाइप |
| 2. | कृष्णानगर | 151A | 25.10.24 | दो कपड़े के स्टैंड |
| 3. | कृष्णानगर | 75A | 02.12.24 | चार रिंग |
| 4. | कृष्णानगर | 14A | 03.02.25 | तीन लकड़ी की मेज |
| 5. | कृष्णानगर | 138A | 04.04.25 | दो प्लास्टिक कट्टे |
| 6. | कृष्णानगर | 42A | 13.04.25 | एक लोहे का काउंटर |
| 7. | कृष्णानगर | 135A | 02.05.25 | दो फ्लेक्स बोर्ड |
| 8. | कृष्णानगर | 128A | 23.05.25 | कपड़े |
| 9. | कृष्णानगर | 140A | 23.05.25 | कपड़े |
| 10. | कृष्णानगर | 128A | 24.05.25 | कपड़े और सैंडल |
| 11. | कृष्णानगर | 100A | 26.05.25 | कपड़े |
| 12. | कृष्णानगर | 118A | 26.05.25 | चप्पल |
| 13. | कृष्णानगर | 93A | 12.06.25 | लकड़ी का बॉक्स |
| 14. | कृष्णानगर | 94A | 22.06.25 | रेहड़ी |
| 15. | कृष्णानगर | 104A | 09.08.25 | स्टूल |
| 16. | कृष्णानगर | 135A | 18.09.25 | लोहे एवं लकड़ी की मेज |
| 17. | कृष्णानगर | 77A | 30.09.25 | फिनायल की बोतल |
| 18. | कृष्णानगर | 10A | 23.01.26 | लकड़ी का काउंटर |

हस्ताक्षर/–
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त–II कार्यालय, शाहदरा जिला, दिल्ली

DP/9877/SHD/2026

# साउथ कोरिया बना भारत को पछाड़ दुनिया का छठा सबसे बड़ा शेयर बाजार

## भारत अब खिसक कर सातवें स्थान पर पहुंच गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शेयर बाजार के लिए एक बड़ा झटका सामने आया है। पहले ताइवान और अब दक्षिण कोरिया ने भी भारत को पीछे छोड़ दिया है। एआई और चिप कंपनियों में जबरदस्त तेजी के दम पर दक्षिण कोरिया अब दुनिया का छठा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। वहीं भारत की रैंकिंग गिर गई है और वह खिसक कर सातवें स्थान पर आ गया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़कर करीब 5 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। दूसरी ओर भारत का बाजार मूल्य घटकर लगभग 4.8 ट्रिलियन डॉलर रह गया। इसी वजह से दक्षिण कोरिया ने भारत को पीछे छोड़कर छठा स्थान हासिल कर लिया। दक्षिण कोरिया का प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक कोस्पी इस साल 100 प्रतिशत से ज्यादा उछल चुका है। मई महीने में ही इसमें करीब 28 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

### एआई ने बदली दक्षिण कोरिया की किस्मत

दक्षिण कोरिया की इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण एआई बूम है। दुनिया भर में एआई सर्वर, डेटा सेंटर और एडवांस चिप्स की मांग तेजी से बढ़ी है। इसका सीधा फायदा वहां की चिप कंपनियों को मिला है। खास तौर पर सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हायनिक्स ने बाजार में जबरदस्त उछाल दर्ज किया। दोनों कंपनियां एआई मेमोरी चिप्स की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल हैं और अब इनका बाजार मूल्य 1 ट्रिलियन डॉलर के क्लब में पहुंच चुका है।




### भारत क्यों पिछड़ गया?

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की कहानी कमजोर नहीं हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियों ने बाजार को पीछे धकेला है। बीते महीनों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से रिकॉर्ड रकम निकाली है। इससे बाजार पर दबाव बना रहा। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी ने भी विदेशी निवेशकों का भरोसा प्रभावित किया है। दक्षिण कोरिया और ताइवान के मुकाबले भारत में ऐसी बड़ी कंपनियां कम हैं जो सीधे एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस सेमीकंडक्टर बिजनेस से जुड़ी हों। यही वजह है कि वैश्विक एआई निवेश का उतना फायदा भारतीय बाजार को नहीं मिल पाया।

# पूरे भारत में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 75 स्पेस लैब स्थापित किए

**नई दिल्ली।** जनजातीय छात्रों के बीच वैज्ञानिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के सहयोग से 18 राज्यों में स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में 75 स्पेस लैब सफलतापूर्वक स्थापित किए। इस पहल को बीपीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सहयोग के माध्यम से लागू किया गया है जिसमें लगभग 12 करोड़ का निवेश किया गया है। यह पहल दोनों संस्थानों की इस साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करती है कि वे जनजातीय युवाओं के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देंगे और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय, अनुसूचित जनजाति के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए ईएमआरएस का संचालन करता है ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक करियर बना सकें। पढ़ाई के साथ-साथ ये स्कूल सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं जिसमें स्वास्थ्य, पोषण और व्यक्तित्व विकास शामिल है। वर्तमान में, पूरे देश में 499 ईएमआरएस संचालन में हैं जो जनजातीय शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में काम कर रहे हैं। नई स्थापित स्पेस लैब को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वे छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) के क्षेत्रों में प्रायोगिक अध्ययन के अवसर प्रदान कर सकें।

## खबर संक्षेप

### रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 95.29 प्रति अमेरिकी डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और सुरक्षित निवेश के कारण अमेरिकी मुद्रा के स्थिर बने रहने से मंगलवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.29 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.16 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.03 के ऊपरी एवं 95.31 के निचले स्तर तक गया।

### ट्रांसरेल लाइटिंग को 575 करोड़ रुपये के ठेके मिले

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग को 575 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। ये ठेके मुख्यतः पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी), सिविल निर्माण और पोल आपूर्ति से जुड़े हैं। कंपनी के पास 31 मार्च तक कुल 16,361 करोड़ रुपये के अधूरे ठेके (जिसमें सबसे कम बोलीदाता यानी एल1 स्थिति वाले ठेके भी शामिल हैं) थे, जो पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक हैं।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### उत्पादन, कच्चे माल व सेवाओं की कीमतों को जोड़ेगी, होगा अधिक वास्तविक आकलन

# केंद्र सरकार डब्ल्यूपीआई को समाप्त कर लाएगी पीपीआई, नई शृंखला 15 जून से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने दी जानकारी

सरकार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) को समाप्त करेगी और उत्पादन, कच्चे माल और सेवाओं की कीमतों को शामिल करने वाला विस्तृत उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) लागू करेगी। इसका मकसद अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के रुख का अधिक वास्तविक आकलन करना है। इस बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रधान आर्थिक सलाहकार प्रवीण महतो ने संवाददाताओं से कहा कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) 15 जून को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्ल्यूपीआई की संशोधित श्रृंखला जारी करेगा।



### उत्पादन, परीक्षण व सेवा तीन सूचकांक जारी होंगे

यह आधार वर्ष 2011-12 वाली मौजूदा श्रृंखला का स्थान लेगा। इसके अतिरिक्त, विभाग 15 जून से पीपीआई की एक नई श्रृंखला जारी करेगा। इसमें तीन सूचकांक... उत्पादन पीपीआई, परीक्षण कच्चा माल पीपीआई और सेवा पीपीआई...होंगे। शुरू में, सेवा पीपीआई में सात सेवाएं... बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन निधि प्रबंधन, रेलवे, हवाई (यात्री) और दूरसंचार...होंगी।

### पीपीआई पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा

मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि संबंधी प्रावधानों में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के व्यापक उपयोग को देखते हुए, यह सूचकांक पीपीआई के साथ संशोधित श्रृंखला जारी होने की तारीख से पांच वर्षों तक जारी किया जाएगा और उसके बाद इसे समाप्त कर दिया जाएगा।'' पांच वर्ष की अवधि उपयोगकर्ताओं को डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलने के लिए पर्याप्त समय देगी।

### बदलाव आईएमएफ की सिफारिशों के अनुरूप

डब्ल्यूपीआई से पीपीआई में बदलाव विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की सिफारिशों के अनुरूप है। उत्पादन पीपीआई और कच्चे माल पीपीआई दोनों की उपलब्धता से किसी उद्योग में उपयोग होने वाले कच्चे माल की तुलना में अंतिम रूप से तैयार वस्तुओं की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

### पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना

इससे यह भी पता चलता है कि उत्पादकों द्वारा अनुभव की जाने वाली कच्चे माल की महंगाई को किस प्रकार उत्पादित वस्तुओं पर स्थानांतरित किया जाता है। महतो ने बताया कि प्रशासनिक स्रोतों/एजेंसियों से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पहले चरण में सात सेवाओं के लिए सेवा पीपीआई संकलित किए गए हैं। आगामी चरणों में सेवाओं के पीपीआई में और अधिक सेवाएं जोड़ने की योजना है।

### 37 महीनों के आंकड़े 15 जून को उपलब्ध होंगे

यह आंकड़ों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। डीपीआईआईटी ने बताया कि डब्ल्यूपीआई और उत्पादन पीपीआई मासिक आधार पर संकलित किए जा रहे हैं और मई, 2026 (अस्थायी) के लिए आंकड़े अप्रैल, 2023 से अप्रैल, 2026 (37 महीने) तक के पिछले आंकड़ों के साथ 15 जून को उपलब्ध होंगे।

### सौर, पवन के साथ परमाणु ऊर्जा समूह में शामिल

सिन्हा ने बताया कि सौर और पवन ऊर्जा जैसे नए ऊर्जा स्रोतों को विद्युत समूह में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा को भी इस समूह में शामिल किया गया है। इसी प्रकार, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं से हटाकर ईंधन और बिजली समूह में रखा गया है।

# अभी रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को यथावत रख सकता है। यह आकलन अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र प्रमुखों के एक सर्वेक्षण में सामने आया है। अधिकतर उत्तरदाताओं का मानना है कि बढ़ते मुद्रास्फीतिक जोखिमों के बीच केंद्रीय बैंक वित्त वर्ष 2026-27 में बाद में फिर से नीतिगत सख्ती शुरू कर सकता है। सर्वेक्षण में शामिल 11 उत्तरदाताओं ने आगामी (जिसकी घोषणा शुक्रवार को होनी है) मौद्रिक समीक्षा बैठक में दरों को यथावत रखने की उम्मीद जताई, जबकि चार ने 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा, '' दर यथावत बनाए रखने की जरूरत इसलिए है क्योंकि कुल मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। ईंधन कीमतों में वृद्धि के मुद्रास्फीति पर दूसरे चरण के प्रभाव को देखने के लिए आरबीआई के पास नीतिगत गुंजाइश है। मुद्रास्फीति लक्ष्य आपूर्ति-पक्ष के झटकों के पहले दौर के प्रभाव को नजरअंदाज करने की अनुमति देता है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक तीन से पांच जून के बीच होगी। इसमें नीतिगत दरों पर निर्णय लिया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने पिछले वर्ष से अब तक वृद्धि को समर्थन देने के लिए रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की है।


## नोटिस

मैं/हम, मेसर्स मैनपावर पार्टनर्स, जिनका पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या **B-1780/DEL/PER/1000+/5/10019/2022** है और जो प्रवासन अधिनियम, 1983 के अंतर्गत मानव संसाधन निर्यात के लिए पंजीकृत हैं, 01/05/2026 से अपना व्यवसाय बंद करने का इरादा रखते हैं। यदि मेरे/हमारे विरुद्ध कोई शिकायत/दावा हो, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजा जा सकता है। शिकायत की प्रतियां विदेश मंत्रालय के प्रवासी संरक्षक जनरल, कमरा–33088, तीसरी मंजिल, कर्तव्य भवन–3 (सेंट्रल विस्टा), जनपथ रोड, नई दिल्ली–110001 को भी भेजी जा सकती हैं।

हस्ता/–
श्रीमती अनंता
(मालिक)

स्टेशन: दिल्ली
दिनांक: 1/6/2026
पता: डब्ल्यूजेडसी–21–22, दूसरी मंजिल, पॉकेट–ए, पटेल गार्डन, काकरोला मोड़, पश्चिम दिल्ली–110059, दिल्ली

## नोटिस

मैं/हम, जिम्मी इंटरनेशनल, जिसका पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या **B-0654/DEL/PER/1000+/5/7717/2006,** है और जो प्रवासन अधिनियम, 1983 के अंतर्गत मानव संसाधन निर्यात के लिए पंजीकृत है, ने 20/09/2021 से अपना व्यवसाय बंद कर दिया है। यदि मेरे/हमारे विरुद्ध कोई शिकायत/दावा हो, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजा जा सकता है। शिकायत की प्रतियां विदेश मंत्रालय के प्रवासी संरक्षक जनरल, कमरा–33088, तीसरी मंजिल, कर्तव्य भवन–3 (सेंट्रल विस्टा), जनपथ रोड, नई दिल्ली–110001 को भी भेजी जा सकती हैं।

हस्ता/–
जिम्मी जोसेफ
(मालिक)

स्टेशन: दिल्ली
दिनांक: 1/6/2026
पता: 265–266 भूतल, मथुरा रोड, हरि नगर, आश्रम, नई दिल्ली–110014

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तग **प्रिंस उर्फ शेखर, पुत्रः जितेंद्र कुमार, निवासी: 3802, बी–ब्लॉक, संत नगर बुराड़ी, दिल्ली** ने **FIR No. 635/2022, U/s: 21/25 NDPS Act, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रिंस उर्फ शेखर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रिंस उर्फ शेखर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **प्रिंस उर्फ शेखर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने कें लिए दिनांक **07.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वीरेंद्र सिंह
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस),
केंद्रीय न्यायालय, कमरा संख्या 222
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/7197/N/2026


## सोना 1,050 रुपये चढ़ा और चांदी 1,300 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इन कीमती धातुओं की मांग फिर से बढ़ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी 1,300 रुपये की मजबूती आई और यह पिछले बंद भाव 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं को कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सहारा मिला। इससे पश्चिम एशिया में तनाव के कारण पैदा होने वाले महंगाई के झटके का डर कुछ कम हुआ। अमेरिकी बांड प्रतिफल में कमी और कमजोर डॉलर ने सराफा की कीमतों की अपील को और बढ़ा दिया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक-जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा कि घरेलू सोने की कीमतों को रुपये की कमजोरी से भी सहारा मिला। कमजोर रुपये ने वैश्विक बाजार की अनिश्चितता से पड़ने वाले कुछ दबाव को कम करने में मदद की और घरेलू सर्राफा बाजार में बढ़त को सहारा दिया।

## आईटी शेयरों में उछाल से शेयर बाजार में तेजी लौटी

**मुंबई (एजेंसी)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरकर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 382 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 101 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 382.50 अंक बढ़कर 74,649.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने निचले स्तर 73,815.12 अंक से 1,047.07 अंक उछलकर 74,862.19 अंक तक चला गया था। इसी तरह निफ्टी भी 100.95 अंक बढ़कर 23,483.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में सर्वाधिक 6.53 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इन्फोसिस में 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 4.08 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 1.76 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नुकसान में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद आईटी शेयरों में तेजी से सुधार आया। बड़ी कंपनियों में निवेशकों की खरीदारी से यह संकेत मिलता है कि मौजूदा मूल्यांकन स्तर निवेशकों को आकर्षक लग रहे हैं।

## ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में वृद्धि से अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति-जनित दबाव बढ़ने की आशंका है, जिससे आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है।

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## देवली अपार्टमेंट की सड़कों के निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास, निवासियों में भारी उत्साह

**नई दिल्ली।** स्थानीय विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज देवली गाँव वार्ड की लोकप्रिय पार्षद श्रीमती अनीता सिंघल एवं वरिष्ठ जननेता श्री सतपाल सिंघल के कर-कमलों द्वारा देवली अपार्टमेंट की मुख्य सड़कों के नव-निर्माण कार्य का गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर देवली अपार्टमेंट के सैकड़ों निवासी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने इस बहुप्रतीक्षित विकास कार्य की शुरुआत पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। शिल्लांयास समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय पार्षद अनीता सिंघल ने विपक्षी दलों की राजनीति पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी के लोगों द्वारा जनता के बीच भ्रम फैलाने और उनकी पार्टी की छवि को धूमिल करने का लगातार कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए स्पष्ट किया कि वे ऐसी ओछी राजनीति और दुष्प्रचार से कतई विचलित होने वाली नहीं हैं। विपक्षी पार्टी के लोगों द्वारा हमारी पार्टी को बदनाम करने की साजिशें रची जा रही हैं, परंतु मैं अपने जनसेवा के मार्ग पर पूरी मजबूती के साथ डटी रहूँगी। अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा या चुनौतियों से मैं डरने वाली नहीं हूँ। मेरा एकमात्र संकल्प देवली वार्ड की जनता की सेवा और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करना है। पार्षद ने आगे क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए वादा किया कि यह तो केवल शुरुआत है, आने वाले समय में देवली गाँव वार्ड के अन्य कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को भी तेजी से हरी झंडी दिखाई जाएगी और बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह से कायाकल्प किया जाएगा।

## उत्तर पश्चिम रेलवे पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा, यात्रियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

**नई दिल्ली।** रेलवे द्वारा यात्रियों को बेहतर और तेज सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डिजिटल भुगतान व्यवस्था को व्यापक स्तर पर लागू किया गया है। इसके साथ ही रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बहुउपयोगी डिजीटल प्लेटफॉर्म "रेलवन ऐप" उपलब्ध करवाई गई है। यह ऐप रेलवे से जुड़ी विभिन्न जानकारियों और सेवाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलवे टिकट, पार्सल, रिटायरिंग रूम, गुड्स तथा अन्य सेवाओं के भुगतान के लिए ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की लंबी कतारों को कम करने और "डिजिटल इंडिया" अभियान को मजबूत बनाने के लिए अनारक्षित टिकट काउंटरों, पार्सल कार्यालयों, फुड स्टॉल तथा अन्य सेवा केंद्रों पर डायनामिक क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली लागू है। इससे यात्री अब टिकट खिड़की पर ही आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर रहे हैं, जिससे समय की बचत होने के साथ सुविधा भी बढ़ी है। प्रमुख स्टेशनों के आरक्षण टिकट काउंटरों पर पीओएस मशीनों के माध्यम से पहले से ही डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त कई स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के जरिए भी यात्री डिजिटल माध्यम से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर रहे हैं। इस भुगतान प्रणाली से खुले पैसे की समस्या समाप्त हो रही है तथा यात्रियों को कम समय में पारदर्शी और सुरक्षित टिकट सेवा मिल रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निखिल उर्फ यश पुत्र** राजेश कुमार, **निवासी** डी–3/38, कुँवर सिंह नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 571/2024, U/S 3/4/9/55 G. Act 1955, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निखिल उर्फ यश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निखिल उर्फ यश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 571/2024, U/S 3/4/9/55 G. Act 1955, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **निखिल उर्फ यश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
पश्चिम जिला, कमरा संख्या–292,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7336/OD/2026
(Court Matter)


## शब्द पहेली - 6245



**बाएँ से दाए**


1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**

2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली- 6244 का हल





# पाकिस्तान की सादिया को पछाड़कर 'नंबर-1' गेंदबाज बनीं लिंसी स्मिथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुबई। इंग्लैंड की लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिंसी स्मिथ विमेंस टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले अपने करियर में पहली बार आईसीसी विमेंस टी20 अंतरराष्ट्रीय बॉलिंग रैंकिंग के शिखर पर पहुंच गई हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की सादिया इकबाल को पछाड़कर 'नंबर-1' स्थान हासिल किया है।

स्मिथ को यह ताज 'व्हाइट फर्न्स' (न्यूजीलैंड) के खिलाफ 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के तौर पर बेहतरीन प्रदर्शन और ब्रिस्टल में भारत के विरुद्ध इंग्लैंड की हालिया जीत में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मिला है।

### स्मिथ ने 2018 में किया था इंटरनेशनल डेब्यू

लिंसी स्मिथ ने साल 2018 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, जिसके बाद लंबे वक्त तक नेशनल टीम से बाहर बैठना पड़ा। पिछले साल के आखिर में ही इंग्लैंड की टी20 टीम में एक निमयित सदस्य के तौर पर अपनी जगह पक्की करने के बाद, अब वह इस वर्ल्ड कप में इस फॉर्मेट की सबसे ऊंची रैंक वाली गेंदबाज के तौर पर उतर रही हैं।

### श्रीचरणी ने लगाई लंबी छलांग

भारत की उभरती हुई स्पिनर श्रीचरणी इस ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा पाने वाली खिलाड़ियों में से एक रहीं। इंग्लैंड के खिलाफ 3 विकेट लेने के बाद चरणी 7 पायदान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। टॉप 10 गेंदबाजों के बीच सिर्फ 39 रेटिंग प्वाइंट्स का अंतर है। ऐसे में वर्ल्ड कप से पहले 'नंबर 1' बनने की दौड़ रोमांचक बनी हुई है।





### बल्लेबाजी रैंकिंग में जेमिमा को फायदा

बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर जॉर्जिया वोल ने टॉप स्थान बरकरार रखा है। इस बीच टॉप 10 से बाहर मौजूद कई खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में काफी सुधार किया। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं। आयरलैंड की ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट 10 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर पहुंच गईं, जिन्होंने डबलिन में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 71 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। इस आयरिश स्टार को ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी और सफलता मिली, जिसमें वह एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत की दो खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पांचवें और शेफाली वर्मा सातवें स्थान पर हैं।

### निगार सुल्ताना ने हासिल किया 20वां स्थान

बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना ने भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाते हुए 20वां स्थान हासिल कर लिया है। पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं।


फ्रेंच ओपन

# क्वार्टर फाइनल में सबालेंका, क्ले कोर्ट पर ओसाका का 'फैशन शो'

एजेंसी ▶▶| पेरिस



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने अपनी रंग बिरंगी पोशाक के कारण विशेष रूप से चर्चा में रही नाओमी ओसाका के विजय अभियान पर विराम लगाकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने ओसाका को 7-5, 6-3 से हराकर यह क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने के और करीब पहुंच गईं, जहां उन्हें पिछले साल कोको गॉफ से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। ओसाका इस मैच के लिए भी सुनहरे सेक्विन वाली पोशाक के ऊपर एक सुनहरी बॉम्बर जैकेट पहनकर कोर्ट पर उतरीं। फैशन की मामले में भले ही ओसाका ने बाजी मारी हो लेकिन खेल के मामले में सबालेंका का कोई सानी नहीं था, जिन्होंने अपनी इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-1 कर दिया। ओसाका पहली बार इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में खेल रही थीं। सबालेंका का क्वार्टरफाइनल में मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा, जिन्होंने मैडिसन कीज को 6-3, 3-6, 6-0 से हराया।



### ओसाका ने जीते पहले दो गेम

ओसाका ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले दो गेम जीत लिए। दूसरी ओर, सबालेंका शुरू से ही संघर्ष करती नजर आईं। उन्होंने पांच ऐसी गलतियां कीं जो बिना दबाव के हुईं, जिनमें एक डबल फॉल्ट भी शामिल था। यह डबल फॉल्ट ब्रेक पॉइंट पर हुआ, जिससे ओसाका को शुरुआती बढ़त बनाने में मदद मिली। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दो शानदार फोरहैंड विनर लगाए और तुरंत ब्रेक की भरपाई कर ली। इसके बाद उन्होंने पूरे मैच में अपनी सर्विस मजबूत रखी। रिपोर्ट के अनुसार, मैच के बाकी हिस्से में उन्हें एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उनके सर्विस गेम शायद ही कभी ड्यूस तक पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### ब्रिटिश ओपन से बाहर अभय और चोटरानी

**बर्मिंघम।** भारत के अभय सिंह और वीर चोटरानी पुरुष वर्ग के दूसरे दौर के मैचों में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करने में नाकाम रहे और यहां अपने-अपने मैच हारकर ब्रिटिश ओपन स्क्वाश से बाहर हो गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय एक करीबी मुकाबले में मिस्र के विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद जकारिया से 9-11, 4-11, 11-7, 10-12 से हार गए। एक अन्य मैच में विश्व के 40वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी को वेल्श के विश्व में छठे नंबर के खिलाड़ी जोएल मैकिन ने 12-10, 11-9, 11-3 से हराया। अनाहत सिंह और रमित टंडन पिछले सप्ताह पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

### लालथंटलुआंगी और शिल्पी महिला हॉकी टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** युवा डिफेंडर लालथंटलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेंगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### विश्व योगासन चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी अमेरिकी टीम




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की योग टीम 4 से 8 जून तक अहमदाबाद में होने वाली पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भाग लेगी। अमेरिकी योग संघ (यूएसवाईए) की विज्ञप्ति के अनुसार अमेरिकी योगासन खेल महासंघ (यूएसआईएसएफ) ने यूएसवाईए और विश्व योगासन के सहयोग से यह टीम तैयार की है। अमेरिकी योग संघ और यूएसवाईएसएफ के संस्थापक एवं अध्यक्ष बलविंदर सिंह 11 सदस्यीय अमेरिकी टीम का नेतृत्व करेंगे। भारत में होने वाली चैंपियनशिप के लिए टीम का चयन अप्रैल में कनेक्टिकट में क्वार्टरफाइनल ट्रायल के आधार पर किया गया था। टीम में शामिल खिलाड़ियों की उम्र 10 से 55 वर्ष के बीच है और वह विभिन्न आयु वर्ग की स्पर्धाओं चुनौती पेश करेंगे।

## अफगानिस्तान टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने लिया अचानक फैसला

# आकिब ने टीम इंडिया में मारी एंट्री टेस्ट के लिए स्क्वाड में हुए शामिल

बल्लेबाजों को नेट पर अभ्यास कराएंगे नबी और प्रिंस

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए 6 गेंदबाजों में शामिल किया गया है। नबी को इस मैच के लिए टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर चयन समिति को आलोचना का सामना करना पड़ा था। नबी के अलावा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है क्योंकि अफगानिस्तान की टीम में कलाई के स्पिनर होने की संभावना है। नेट अभ्यास के लिए जिन अन्य गेंदबाजों को बुलाया गया है उनमें बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर शिवांग कुमार, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह, आईपीएल की खोज तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और ऑफ स्पिनर सारांश जैन शामिल हैं।



### आकिब को आईपीएल में भी खेलने का मिला मौका

रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने की वजह से आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में भी आकिब नबी की बंपर कमाई हुई थी। आकिब को ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि नबी का डेब्यू आईपीएल सीजन इतना अच्छा नहीं रहा। आकिब नबी को आईपीएल 2026 में 5 मैच खेलने के मौके मिले, जिसमें उन्होंने 11.46 की इकॉनमी से रन दिए और एक भी विकेट नहीं लिया। लेकिन रेड बॉल से नबी ने अब तक डॉमेस्टिक क्रिकेट में काफी नाम कमाया है।

### 6 जून से शुरू होगा टेस्ट

भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से शुरू होगा। टेस्ट मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टीवी पर भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला टेस्ट मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित होगा।

### नेट गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल 6 बॉलर्स

भारतीय क्रिकेट बोर्ड कहा, 'गुरजपनीत सिंह, आकिब नबी, प्रिंस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी और शिवांग कुमार टेस्ट मैच की तैयारी में टीम की मदद करने के लिए नेट गेंदबाज के रूप में भारतीय टीम में शामिल किए गए हैं।' इससे पहले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, 'आकिब नबी को भारतीय नेट अभ्यास सत्र में शामिल होने के लिए कहा गया है। आकिब ही नहीं पांच अन्य गेंदबाजों को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है। भारतीय टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा सात दिन में आईपीएल के तीन मैच खेलने के कारण नेट अभ्यास में पूरी ताकत नहीं झोंक सकते हैं। बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास की जरूरत है।

### गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी टेस्ट टीम का हिस्सा

नबी ने 60 विकेट लेकर जम्मू कश्मीर को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन भारतीय टीम में उनके बजाय पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को प्राथमिकता दी गई। भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र में आईपीएल फाइनल में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। आईपीएल की उपविजेता गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी (कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार और वाशिंगटन सुंदर) टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

# दिव्या टाइटल रेस में कायम प्रज्ञानानंदा-गुकेश जीते



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

पिछले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शानदार वापसी करके खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

विश्व चैंपियन डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा ने ओपन वर्ग में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि दिव्या देशमुख ने महिला वर्ग में हमवतन कोनेरु हम्पी को हराया। छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के खिलाफ मुकाबले में 1.5 अंक हासिल किए। उन्होंने क्लासिकल बाजी में मौका गंवाने के बाद आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके अपना कुल स्कोर 8 अंक पर पहुंचाया। वह हालांकि छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं।

### दिव्या ने की अपनी स्थिति मजबूत

दिव्या ने हम्पी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उन्हें अगले दौर में शीर्ष पर चल रही बिबिसारा असौबायेवा का सामना करना है जिसमें जीत पर वह बढ़त हासिल कर सकती है। असौबायेवा ने हालांकि अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए क्लासिकल बाजी में चीन की झू जिनर को हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। उनके अब 12.5 अंक हैं। दिव्या के 10 अंक हैं।

### प्रज्ञानानंदा ने हासिल किए पूरे 3 अंक



प्रज्ञानानंदा ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा को लगातार दूसरी बार क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। उनके अब 9 अंक हो गए हैं। प्रज्ञानानंदा इसके बावजूद पांचवे जबकि गुकेश छठे स्थान पर बने हुए हैं। इस टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं और भारतीय खिलाड़ियों के पास वापसी करके शीर्ष पर पहुंचने का मौका है। वेस्ली सो 12.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि अलीरेजा 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के विंसेंट कीमर सभी समान 9 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। सात बार के चैंपियन कार्लसन ने कीमर को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया।

### महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी दीक्षा डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की रजत पदक विजेता के एम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सत्ताईस साल की दीक्षा ने इस साल अप्रैल में सिर्फ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वह एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गई हैं। यह पदार्थ किस तरह का था और उनकी जांच की और जानकारी का पता नहीं चला है। एक भरोसेमंद सूत्र ने पीटीआई को बताया, "हां, यह पुष्टि हो गई है कि वह डोप जांच में विफल हो गई हैं।" लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। दीक्षा ने हाल ही में रांची में हुए फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था जो ग्लास्गो में 2026 राष्ट्रमंडल खेल (23 जुलाई से दो अगस्त) के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य टूर्नामेंट था। भारतीय खेल महासंघ (एएफआई) ने 13 जून को होने वाली इंडियन एथलेटिक्स सीरीज के लुधियाना चरण के दौरान अपनी स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफिकेशन मानक हासिल करने के लिए योग्य एथलीट को एक और मौका दिया। नाडा के पंजीकृत जांच पूल की एथलीट दीक्षा ने पांच अप्रैल को जयपुर में इंडियन ओपन एथलेटिक्स सीरीज दो में 1500 मीटर रेस जीतने के लिए चार मिनट 25.74 सेकंड का समय निकाला था। उनकी टाइमिंग भी एएफआई द्वारा तय राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालीफाइंग मानक के तौर पर तय 4:05.09 सेकंड से काफी बाहर थी। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4:04.78 है जो उन्होंने मई 2024 में बनाया था।

# इंडोनेशिया ओपन : सिंधू ने 51 मिनट में थाईलैंड खिलाड़ी को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे।

सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक



अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है, जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था।

आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 9 मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा।

## फीफा वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को कोलंबिया ने किया पुख्ता

# कोलंबिया ने कोस्ट रिका को हराया, डियाज ने दागा शानदार गोल

एजेंसी ▶▶| बोगोटा

कोलंबिया ने एल कैंपिन स्टेडियम में एक इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच में कोस्टा रिका को 3-1 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। लुइस डियाज टीम की इस जीत के नायक रहे। बायर्न म्यूनिख के विंगर लुइस डियाज मुकाबले के स्टार रहे, उन्होंने एक गोल और एक असिस्ट भी किया, जिससे कोलंबिया ने 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले अपने घरेलू फैंस के सामने शानदार प्रदर्शन किया।

डिफेंडर डेविंसन सांचेज ने कोलंबिया को शुरुआती बढ़त दिलाई जब उन्होंने डियाज के कॉर्नर किक पर सबसे ऊपर उठकर हेडर से गोल किया। खबर के मुताबिक, मेजबान टीम ने मैच पर कंट्रोल बनाए रखा और इसके तुरंत बाद डियाज के किए गोल की बदौलत अपनी बढ़त को 2-0 कर दिया।



### कोस्टा रिका ने दिया सकारात्मक जवाब


कोस्टा रिका ने सकारात्मक जवाब दिया और 33वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल दागा। हाफ टाइम से ठीक पहले जोसिमर अल्कोसर ने शानदार पास देकर मौका बनाया, जिस पर एंड्री सोटो ने हेडर के जरिए गोल कर दिया। इस गोल से मेहमान टीम की मैच में वापसी की उम्मीदें बढ़ गईं। हालांकि, पूरे मैच में कोलंबिया का दबदबा बना रहा और टीम ने अधिकांश समय बेहतर खेल दिखाया। मैच खत्म होने से करीब 10 मिनट पहले कोलंबिया ने अपनी जीत लगभग पक्की कर दी। स्पोर्टिंग लिस्बन के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने अनुभवी प्लेमेकर जेम्स रोड्रिगेज के लंबे पास को शानदार तरीके से नियंत्रित किया। इसके बाद उन्होंने दूर के कोने में जोरदार शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और स्कोर 3-1 कर दिया।




## खबर संक्षेप

### लाओस के डिप्टी पीएम ने किया ताजमहल का दीदार

**नई दिल्ली।** लाओस के डिप्टी पीएम थोंगसावन फोमविहाने और उनकी पत्नी वदस्ना फोमविहाने ने



यूपी के आगरा स्थित ऐतिहासिक स्मारक ताजमहल का दीदार किया। फोमविहाने बुधवार को भारत-लाओस बिजनेस फोरम में भी भाग लेंगे और इसके बाद वे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। फोमविहाने सोमवार को तीन दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। वे बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भारत-लाओस संयुक्त आयोग की 10वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और लाओस अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे कर रहे हैं।

### कंबोडिया में शुरू की यूपीआई भुगतान सुविधा

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय



शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने एसीएलईडीए बैंक पीएलसी के साथ साझेदारी में कंबोडिया में वहां की राष्ट्रीय क्यूआर कोड प्रणाली केएचक्यूआर के माध्यम से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान सुविधा शुरू की। इस सेवा की शुरुआत कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान की गई।

### चैटजीपीटी पर फ्लोरिडा में सबसे बड़ा केस

**फ्लोरिडा।** ओपनएआई और उसके सीईओ सैम ऑल्टमैन के खिलाफ चैटजीपीटी को लेकर



सबसे बड़ा और ऐतिहासिक मुकदमा फ्लोरिडा के रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य फ्लोरिडा के अटार्नी जनरल जेम्स उथमेयर ने फ्लोरिडा की अदालत में मुकदमा दायर किया। इस 83 पृष्ठ के दीवानी मुकदमे में कंपनी पर आरोप है कि चैटबॉट द्वारा कथित तौर पर सामूहिक गोलीबारी की साजिश रचने और किशोरों को आत्महत्या के लिए उकसाने में मदद करने के मामले सामने आए हैं। उथमियर ने बताया कि मुकदमे में अरबों डालर हर्जाने की मांग की गई है।

### भारत और जर्मनी के बीच आपसी सहयोग का नया दौर शुरू करने की जताई प्रतिबद्धता

# क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस, सैटेलाइट संचार और डीप-टेक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

*भारत और जर्मनी ने सैटेलाइट संचार, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन, मानव अंतरिक्ष मिशन, माइक्रोग्रैविटी रिसर्च, पृथ्वी अवलोकन, ड्रोन तकनीक और भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और जर्मनी ने भविष्य की तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को भारत दौरे पर आए जर्मनी के थुरिंगिया राज्य के मंत्री-प्रेसिडेंट मारियो वोग्ट के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

इस दौरान दोनों देशों के बीच क्वांटम कम्युनिकेशन, फोटोनिक्स, क्वांटम सैटेलाइट संचार, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, डीप-टेक इनोवेशन और उद्योग-आधारित अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में दोनों देशों की सरकारों, अनुसंधान संस्थानों, उद्योग जगत और वैज्ञानिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विश्वास जताया कि सरकारों, वैज्ञानिक संस्थानों, उद्योगों और स्टार्टअप्स के बीच बढ़ता सहयोग भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। साथ ही, यह नवाचार-आधारित विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**» भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे**

**» एआई, स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर में अवसर तलाशेंगे**




मारियो वोग्ट और जितेंद्र सिंह

#### भविष्य की तकनीकों में बढ़ाएंगे सहयोग

दोनों देशों के बीच चर्चा के दौरान क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम सैटेलाइट कम्युनिकेशन, ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन, क्वांटम नेटवर्क और उन्नत फोटोनिक्स तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। जर्मनी की ओर से यूरोप में चल रही क्वांटम कम्युनिकेशन और ऑप्टिकल कम्युनिकेशन परियोजनाओं, विशेष रूप से यूरोओजीएस नेटवर्क की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में थुरिंगिया को यूरोप के प्रमुख फोटोनिक्स, ऑप्टिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मान्यता देते हुए दीर्घकालिक संस्थागत साझेदारी की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

#### संयुक्त प्रयासों से वैश्विक तकनीकें विकसित करने पर जोर

दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और जर्मनी की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं और इनके संयुक्त प्रयासों से वैश्विक स्तर की तकनीकें विकसित की जा सकती हैं। डॉ. सिंह ने भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत हासिल की गई प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सुरक्षित क्वांटम संचार और संबंधित तकनीकों के विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम

*केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) और उद्योग आधारित रिसर्च को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है और बायोटेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए विशाल अवसर उपलब्ध हैं।*

#### अंतरिक्ष अभियानों में सहयोग बढ़ाएंगे

*दोनों देशों के बीच बैठक में अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। डॉ. सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जर्मन एयरोस्पेस सेंटर (डीएलआर) के बीच लंबे समय से चल रही साझेदारी का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारत अब तक अपने प्रक्षेपण यानों के जरिए 11 जर्मन उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण कर चुका है। दोनों पक्षों ने सैटेलाइट संचार, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन, मानव अंतरिक्ष मिशन, माइक्रोग्रैविटी रिसर्च, पृथ्वी अवलोकन, ड्रोन तकनीक और भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की।*

#### शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे

*जर्मनी की ओर से भारतीय और जर्मन शोधकर्ताओं के आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ाने तथा संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। दोनों देशों ने वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, स्टार्टअप उद्यमियों और नवाचारकर्ताओं के बीच सहयोग को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत ऐसे सभी सहयोगों का स्वागत करता है जो शोध, नवाचार, तकनीकी विकास और व्यावसायीकरण को गति दें तथा दोनों देशों के युवाओं और वैज्ञानिक समुदाय के लिए नए अवसर पैदा करें।*

### ब्रिटेन के व्यापार मंत्री से मिले पीयूष गोयल

## आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर की चर्चा, द्विपक्षीय व्यापार करेंगे कई गुना



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल के साथ बैठक कर आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। गोयल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस बैठक में भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी के अगले चरण, साझा कारोबारी प्राथमिकताओं और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच हुए व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) को लागू करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने 24 जुलाई, 2025 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि, इस्पात पर ब्रिटेन में उठाए गए सुरक्षात्मक कदम और कार्बन कर व्यवस्था (सीबीएएम) इस समझौते के क्रियान्वयन में प्रमुख अड़चन बनकर उभरे हैं। सूत्रों ने कहा कि यदि इन मुद्दों का समाधान नहीं हुआ तो भारत स्कॉच व्हिस्की जैसे उत्पादों पर दी गई शुल्क रियायतों की समीक्षा कर सकता है।

#### जुलाई से इस्पात आयात पर सीमा तय करेगा ब्रिटेन

*ब्रिटेन एक जुलाई, 2026 से शुल्क-मुक्त इस्पात आयात पर सीमा तय कर रहा है, जिसके तहत कोटा में 60 प्रतिशत तक कटौती की जाएगी। इस सीमा से अधिक आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। यह प्रावधान उन इस्पात उत्पादों पर लागू होगा जिनका उत्पादन ब्रिटेन में भी संभव है। इसके अलावा, ब्रिटेन 2027 से कार्बन कर प्रणाली लागू करने जा रहा है, जिसके तहत इस्पात, एल्युमीनियम, उर्वरक एवं सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन कर लगाया जाएगा। एक अनुमान के अनुसार, इस कदम से भारत के करीब 77.5 करोड़ डॉलर के निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। भारत से वित्त वर्ष 2025-26 में ब्रिटेन को लौह एवं इस्पात तथा उनसे जुड़े उत्पादों का निर्यात 89.34 करोड़ डॉलर रहा, जो कुल 13.4 अरब डॉलर के निर्यात का महत्वपूर्ण हिस्सा है।*

#### आयातित व्हिस्की पर घटेगा सीमा शुल्क

*व्यापार समझौते के तहत भारत ने ब्रिटेन से आयातित व्हिस्की एवं जिन पर सीमा शुल्क को 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत करने और समझौते के 10वें वर्ष में इसे घटाकर 40 प्रतिशत करने की घोषणा की है। इन वार्ताओं के जरिए दोनों देशों का लक्ष्य अपने द्विपक्षीय व्यापार को कई गुना बढ़ाना है, जो वर्तमान में लगभग 48 बिलियन यूरो (लगभग 64.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का है।*

### 114 राफेल विमान खरीदेगा भारत!

## फ्रांस पहुंचे वायुसेना प्रमुख, रक्षा कंपनियों से तकनीकी सहयोग पर करेंगे बातचीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह चार दिन की यात्रा पर फ्रांस गए हैं। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत 114 नए राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह भारतीय वायु सेना के इतिहास में लड़ाकू विमानों की खरीद की सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है। वायु सेना प्रमुख की इस यात्रा को महज एक औपचारिक दौरा नहीं माना जा रहा है। उम्मीद है कि वे फ्रांस की प्रमुख रक्षा कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इनमें डसॉल्ट एविएशन शामिल है, जो राफेल बनाती है और एमबीडीए शामिल है जो मेटिओर और स्कल्प जैसी एडवांस्ड मिसाइलें बनाती है। माना जा रहा है कि ये चर्चाएं सिर्फ



विमानों की खरीद तक ही सीमित नहीं रहेंगी। इन बातचीत में भारत में उत्पादन, तकनीकी सहयोग और भारतीय हथियारों को इंटीग्रेट करने जैसे विषय भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, भारत ने राफेल जेट खरीदने के लिए फ्रांस को एक आधिकारिक प्रस्ताव भेजा है। अब फ्रांस इसकी कीमत, उत्पादन क्षमता और लॉजिस्टिक्स सहायता से जुड़ी विस्तृत जानकारी के साथ जवाब देगा। इस जवाब के अगले दो से तीन महीनों में आने की उम्मीद है। इसके बाद दोनों देशों के बीच औपचारिक बातचीत शुरू होगी।

### अंटार्कटिका में 'ब्लड फॉल्स' का असली रहस्य

## सफेद वादियों में ग्लेशियर से निकले खून से लाल पानी में अधिक आयरन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंटार्कटिका महाद्वीप के टेलर ग्लेशियर से एक ऐसा झरना बहता है, जिसका पानी खून की तरह बिल्कुल लाल है। बर्फ की सफेद वादियों के बीच बहते इस झरने को ब्लड फॉल्स कहा जाता है। इस अजीबोगरीब झरने की खोज साल 1911 में ऑस्ट्रेलियाई भूवैज्ञानिक ग्रिफिथ टेलर ने की थी। उन्हीं के नाम पर इस ग्लेशियर का नाम टेलर ग्लेशियर रखा गया। रिसर्च में मालूम हुआ कि इस ग्लेशियर के लगभग 1300 फीट नीचे एक प्राचीन नमक की झील दबी हुई है। यह झील करीब 15 से 20 लाख साल पुरानी मानी जाती है। समय के साथ जब टेलर ग्लेशियर का आकार बढ़ा, तो उसने इस झील को पूरी तरह से बर्फ के नीचे कैद कर दिया। लंबे समय तक



रोशनी और ऑक्सीजन के संपर्क में न आने के कारण इस झरने का पानी काफी खारा हो गया और इस कारण यह कम तापमान में भी नहीं जमता। इसके पानी में आयरन की मात्रा काफी ज्यादा है। जैसे ही पानी में मौजूद आयरन ऑक्सीजन से मिलता है, उनके बीच एक केमिकल रिएक्शन होती है जिसे ऑक्सीडेशन कहते हैं। इसके कारण पानी का रंग लाल हो जाता है। जब यह लाल पानी सफेद बर्फ पर गिरता है, तो ऐसा लगता है जैसे ग्लेशियर से खून बह रहा हो।




### ब्रिटिश-पाकिस्तानी मूल के पुरुषों के संगठित गिरोहों ने मासूम बच्चियों को शिकार बनाया

## '600 लोगों ने मेरा रेप किया', ब्रिटिश सांसद ने संसद में पढ़ा पीड़ितों का दर्द

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटिश सांसद रूपर्ट लो ने संसद में देश के सबसे बड़े और खौफनाक 'ग्रूमिंग गैंग्स स्कैंडल' को लेकर डरा देने वाले खुलासे किए हैं। सांसद ने अपनी स्वतंत्र जांच के आधार पर बताया कि कैसे सालों तक पीड़ित मासूमों को असहनीय यातनाएं दी गईं और पुलिस से लेकर प्रशासन तक आंखें मूंदे बैठा रहा। ग्रूमिंग गैंग्स स्कैंडल ब्रिटेन में सामने आया दशकों पुराना एक यौन शोषण का संगठित आपराधिक मामला है जिसका खुलासा सबसे पहले 2003 में हुआ था। इस स्कैंडल में मुख्य रूप से पाकिस्तानी और दक्षिण एशियाई मूल के पुरुष शामिल थे, जिन्होंने 11 से 16 साल की कमजोर, बेसहारा या रंगभेद के आधार पर श्वेत ब्रिटिश लड़कियों को निशाना बनाया।

> 'ग्रूमिंग गैंग्स घोटाला' ब्रिटेन के इतिहास का सबसे शर्मनाक बाल यौन शोषण का मामला



#### आरोपियों ने चेहरे पर जलती हुई सिगरेट तक बुझा दी

सांसद रूपर्ट लो ने बताया कि एक पीड़िता ने अपने बयान में कहा कि मुझसे शायद 600 या 700 अलग-अलग पुरुषों ने बलात्कार किया। वहीं एक अन्य पीड़िता ने बताया कि जब मैं महज 12 या 13 साल की थी, तब आरोपी ने शराब की बोतल मेरे प्राइवेट पार्ट में जबरन डाल दी और कांच अंदर ही टूट गया। एक पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने एक छोटे बच्चे के चेहरे पर जलती हुई सिगरेट तक बुझा दी थी।

#### धार्मिक त्योहारों पर बढ़ती थी हैवानियत

*पीड़िताओं ने यह भी खुलासा किया कि ईद जैसे धार्मिक त्योहारों के दौरान यह जुल्म और ज्यादा बढ़ जाता था। एक पीड़िता ने कहा कि ईद के आसपास हालात बदतर और हिंसक हो जाते थे। पार्टियां बड़ी होती थीं और उनमें बहुत ज्यादा लोग शामिल होते थे। लड़कियों की धार्मिक पहचान पर भी हमला किया जाता था। एक ईसाई पीड़िता ने बताया कि जब वह क्रॉस पहनती थी, तो आरोपी उसका मजाक उड़ाते हुए कहते थे कि अब कहां है तुम्हारा भगवान? क्या तुम्हारे भगवान ने तुम्हें छोड़ दिया?*

#### पुलिस अधिकारियों ने भी किया रेप

*इस पूरे मामले में सबसे सनसनीखेज और गंभीर मोड़ तब आया जब जांच में पुलिस प्रशासन की सीधी मिलीभगत के आरोप लगे। संसद में पेश की गई गवाही में एक पीड़िता ने सीधे तौर पर कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कई पुलिस अधिकारियों ने मेरा सामूहिक बलात्कार किया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109